

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 19 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-06 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 254 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ डिजिटल युग में बचपन और रिश्तों का संकट

कंगना रनौत को मिल हॉलीवुड फिल्म का ऑफर ◂◂ 6


### मुंबई-गोवा हाईवे पर भीषण हादसा, अनियंत्रित होकर नदी में गिरी कार, 5 की मौत



**रायगढ़ :** महाराष्ट्र में मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। यहां एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर जगबूदी नदी में जा गिरी। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार कम से कम पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, कार में सवार सभी लोग मुंबई से देवरुख की ओर जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल इस घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# घर में घुसकर युवक को अपराधियों ने मारा चाकू, मौत

## आक्रोशित लोगों ने किया रोड जाम

- मुंडन समारोह के दौरान हत्या
- जमीन से जुड़े मामले में हत्या की आशंका

**संवाददाता**

रांचीः कांके डैम इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब मुंडन कार्यक्रम के दौरान कुछ अज्ञात अपराधी एक घर में घुस गए और रमेश उरांव (35) नामक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कांके रोड जाम कर दिया है।

जमीन कारोबार से जुड़े रमेश उरांव की हत्या के बाद नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया और प्रदर्शन कर रहे है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और हत्याकांड को लेकर छानबीन कर रही है। शुरूआती जांच में जमीन से जुड़े मामले को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।



## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चरवाहा सहित तीन मवेशी की मौत



साहिबगंजः बरहेट थाना क्षेत्र के गिलहा गांव में बिजली के तार की चपेट में आने से चरवाहा सहित तीन मवेशी की मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम लगभग चार बजे बरहेट थाना क्षेत्र के गिलहा गांव के पंचू हेंब्रम अपनी दो भैंस के अलावा एक गांव के ही अन्य भैंस को चरा रहा था। इसी बीच 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में तीन मवेशी आ गये। इसी क्रम में पशुओं को तार से छुड़ाने के क्रम में पंचू हेंब्रम भी उस हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले की जानकारी मिलते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्य समिति सदस्य राजा राम मरांडी, यंग फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद आजाद घटनास्थल पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। इस घटना के संबंध में मृतक के पुत्र शिवलाल हेंब्रम ने बताया कि उनके पिता प्रतिदिन की तरह भैंस चरा रहे थे। इसी बीच खेत के समीप तार टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में मवेशी और उनके पिता आ गए। इस घटना में उनके पिता, उनकी दो भैंस और रायमुनी मुर्मू की एक भैंस की मौत हो गयी। पुत्र ने बताया कि कहा कि पिता अपने मामा घर गिलहा में रहता था। इस मामले की जानकारी मिलते ही बरहेट बीडीओ सह अंचलाधिकारी अंशु कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने की बात कही है और तत्काल मृतक के परिजनों को 15 हजार नकद देकर दास संस्कार में सहयोग किया है। इसके साथ ही बरहेट थाना पुलिस के पुअनि केपी यादव, सअनि धनंजय मंडल पहुंच कर मामले को लेकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेजने को लेकर प्रक्रिया पूरी की। वहीं घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुटी रही। बता दें कि मृतक पंचू हेंब्रम अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्री छोड़ गये हैं।

# हाई कोर्ट से रिटायर्ड जजों को भी मिलेगा 'वन रैंक, वन पेंशन' सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**एजेंसी**



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उच्च न्यायालयों के सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पूर्ण और समान पेंशन देने का आदेश दिया, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि या स्थायी या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में स्थिति कुछ भी हो। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के न्यायाधीशों के साथ-साथ सभी जिला न्यायाधीशों के लिए समान सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों का भी निर्देश दिया। 'एक रैंक, एक पेंशन' के सिद्धांत का समर्थन करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि वेतन की तरह ही सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में एकरूपता न्यायिक स्वतंत्रता की रक्षा और न्यायिक कार्यालय की गरिमा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार हैं, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी हो या वे बार से पदोन्नत हुए हों या जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुए हों। इसने कहा कि अतिरिक्त और स्थायी न्यायाधीशों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि विधवाओं, विधुरों और अन्य आश्रितों के लिए ग्रेच्युटी और पारिवारिक पेंशन जैसे लाभ सभी न्यायाधीशों के लिए समान होने चाहिए। हम मानते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद टर्मिनल लाभों के लिए न्यायाधीशों के बीच कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। इस प्रकार, हम सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पूर्ण पेंशन के हकदार मानते हैं, चाहे वे कब पद पर आए हों। हम यह भी मानते हैं कि अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुए उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को भी पूर्ण पेंशन मिलेगी और न्यायाधीशों और अतिरिक्त न्यायाधीशों के बीच कोई भी भेदभाव हिंसा को बढ़ावा देगा। मुख्य न्यायाधीश गवई की अगुवाई वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने केंद्र सरकार को उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों को 15 लाख रुपये प्रति वर्ष और सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को 13.5 लाख रुपये प्रति वर्ष की पूर्ण पेंशन देने का निर्देश दिया।

# मुंबई पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर आया धमकी भरा कॉल, मामला दर्ज

मुंबई : मुंबई पुलिस के हेल्पलाइन रूम नंबर 112 पर सोमवार को एक धमकी भरा कॉल आया है। कॉलर ने दावा किया कि मुंबई के जेजे मार्ग इलाके में एक शख्स मुंबई को बम से उड़ाने की बात कर रहा था। दरअसल, राजीव सिंह नाम के शख्स ने मुंबई पुलिस के हेल्पलाइन पर कॉल कर यह जानकारी दी। कॉलर ने दावा किया कि मुंबई के जेजे मार्ग इलाके में एक शख्स को उसने यह बात करते हुए सुना कि वह मुंबई को बम से उड़ाने की बात कर रहा है। इस मामले में उसने पुलिस को जानकारी दी। मुंबई पुलिस के मुताबिक, धमकी भरे कॉल की सूचना मिलने के बाद लोकल पुलिस और बॉम्ब स्क्वाड टीम को अलर्ट किया गया, लेकिन जांच पड़ताल के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। फिलहाल अफवाह फैलाने के आरोप में राजीव सिंह नामक कॉलर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले, इसी साल 11 फरवरी को मुंबई के चेंबूर पुलिस स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। मुंबई के बांद्रा जीआरपी को धमकी भरा एक कॉल आया था। फोन करने वाले अज्ञात शख्स ने कहा कि चेंबूर पुलिस स्टेशन को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके तुरंत बाद फोन करने वाले शख्स ने कॉल को काट दिया। बांद्रा जीआरपी ने धमकी भरे फोन की जानकारी एटीएस, बॉम्ब स्क्वाड और लोकल पुलिस स्टेशन को दी, जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर पुलिस स्टेशन की तलाशी ली। हालांकि, उन्हें कुछ भी संदिग्ध सामान नहीं मिला है। इससे पहले 7 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मयूर विहार में स्थित अल्कोन इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अल्कोन इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल ने पांडव नगर के एसएचओ को टेलीफोन पर सूचित किया था कि ईमेल के माध्यम से स्कूल को बम से उड़ाने की सूचना दी गई। इसके बाद मामले की जानकारी कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा की गई। सूचना मिलते ही पूर्वी जिले के बम निरोधक दस्ते को सूचित किया गया और एसएचओ पांडव नगर पुलिस टीम के साथ स्कूल पहुंचे।

## भारत की बांग्लादेश पर इकोनॉमिक स्ट्राइक

# लैंड पोर्ट्स बंद, 770 मिलियन डॉलर का दिया झटका

**एजेंसी**







**नई दिल्ली/ढाका :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ अब उन देशों के खिलाफ भी एक्शन मोड में आ गया है जो पाकिस्तान और चीन के करीबी माने जाते हैं। इस लिस्ट में अब बांग्लादेश का नाम भी जुड़ गया है। भारत ने बांग्लादेश के लिए बड़ी इकोनॉमिक स्ट्राइक करते हुए उसके लैंड पोर्ट्स के जरिए व्यापार पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है। इस फैसले से बांग्लादेश को करीब 770 मिलियन डॉलर (9,367 करोड़ बांग्लादेशी टका) का तगड़ा झटका लग सकता है। लैंड रूट बंद होने के चलते जमीनी बंदरगाहों पर जाम लग गया है। ट्रक सामान लादे खड़े हैं।

पिछले दिनों चीन में बांग्लादेश के एक प्रतिनिधि मोहम्मद युनूस द्वारा भारत विरोधी टिप्पणियां की गईं, जिसके बाद भारत सरकार ने सख्त रुख अपनाया। इसके चलते भारत ने बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा को 9 अप्रैल 2025 को वापस ले लिया। यह वही सुविधा थी जिसके तहत बांग्लादेश भारतीय बंदरगाहों और दिल्ली एयरपोर्ट के जरिए मिडल ईस्ट और यूरोप को माल एक्सपोर्ट करता था। भारत ने अब रेडीमेड गारमेंट्स, प्रोसेस्ड फूड्स और प्लास्टिक प्रोडक्ट्स जैसे बांग्लादेशी सामानों के लिए लैंड पोर्ट्स को पूरी तरह बंद कर दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के नए निदेशों के मुताबिक, बांग्लादेश से भारत में इन प्रोडक्ट्स का आयात अब केवल दो समुद्री बंदरगाहों - कोलकाता और न्हावा शेवा (महाराष्ट्र) के जरिए ही किया जा सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत के इस फैसले से बांग्लादेश को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। रिपोर्ट बताती है कि अब तक भारत-बांग्लादेश के बीच होने वाले कुल व्यापार का करीब 93% हिस्सा लैंड पोर्ट्स से आता था। इन बंदरगाहों के बंद होने से न केवल एक्सपोर्ट की लागत बढ़ेगी, बल्कि इससे बांग्लादेश के सबसे फायदेमंद एक्सपोर्ट रूट पर सीधा असर पड़ेगा। ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, अकेले रेडीमेड गारमेंट्स की सालाना वैल्यू करीब 618 मिलियन डॉलर है, जो अब सिर्फ दो सी-पोर्ट्स से होकर ही भारत पहुंचेगी। लैंड पोर्ट्स बंद होने का सीधा मतलब है ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ेगा, डिलिवरी टाइम बढ़ेगा और मार्केट कॉम्पिटिटिवनेस घटेगी। इसका असर बांग्लादेश की निर्यात अर्थव्यवस्था पर बहुत गहरा पड़ेगा।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को बनाया निशाना, भारतीय सेना ने किया खुलासा

## पाकिस्तानी मिसाइलों-ड्रोन्स के निशाने पर था स्वर्ण मंदिर, आकाश मिसाइल प्रणाली बनी ढाल

**एजेंसी**

**अमृतसर :** पाकिस्तान ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को भी निशाना बनाने के लिए मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। इसे भारतीय रक्षा प्रणालियों ने ध्वस्त कर दिया था। इसे लेकर सेना ने एक डेमो भी जारी किया। इसके अलावा सेना के पश्चिमी मोर्चे ने एक नया वीडियो भी जारी किया। वीडियो में सेना ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल के मलबे भी दिखाए।

### सेना के डेमो में क्या?

भारतीय सेना ने सोमवार को एक डेमो दिखाया। इसमें बताया गया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया। 15 इन्फैंट्री डिवीजन के ऋ़डउ मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्री ने कहा, '... सारी दुनिया जानती है कि पाकिस्तानी सेना ने सुनियोजित तरीके से 22 अप्रैल को पहलगाम में अपने आतंकियों द्वारा देश और विदेश के निहत्थे पर्यटकों पर हमला करवाया था। इसके बाद पूरे देश के



आक्रोश ने भारत के प्रबल नेतृत्व के अधीन ऑपरेशन सिंदूर का रूप लिया। हमने केवल आतंकी ठिकानों का नाश किया था और इसके अतिरिक्त किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया।'

### 'अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था':

उन्होंने कहा कि 7 मई की रात को हमें पुख्ता जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान किसी उचित और सटीक टार्गेट न होने के कारण सिविल ठिकानों, खासतौर पर धार्मिक स्थलों को निशाना बनाएगा। इसमें अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था। हमें अतिरिक्त जानकारी यह भी मिली कि वे (पाकिस्तान) स्वर्ण मंदिर पर भारी तादाद में ड्रोन और मिसाइल से हमला करेंगे, इसलिए हमने तुरंत आधुनिक अतिरिक्त एवं उपयुक्त एयर डिफेंस उपलब्ध कराया था। हमने स्वर्ण मंदिर पर एक आंच भी नहीं आने दी।'

### 'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा':

भारतीय सेना के एक जवान ने कहा, 'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा हैं।

## 'पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया तो उसका अवश्य ही विनाश होगा'

15 इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने कहा, 'यदि पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया तो उसका अवश्य ही विनाश होगा। याद रहे कि ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित किया गया है, खत्म नहीं हुआ है। उसका विकराल रूप अभी बाकी है। भारतीय सेना ने केवल आतंकवाद और आतंकी ठिकानों को बिना किसी अतिरिक्त नुकसान के निशाना बनाया और सटीक तरीके से हमले किए। इसके उलट पाकिस्तानी सेना ने जानकर भारतीय सैन्य ठिकानों और सिविल इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तानी आर्मी के लिए सभी टार्गेट जायज हैं, मगर भारतीय सेना उनके नापाक मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी।

8-9 मई की रात को दुश्मन ने अचानक हम पर फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। हमने दुश्मन पर अचूक फायरिंग की और उसकी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह तक दुश्मन अपने घुटनों पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा लहरा दिया। हम अपने देशवासियों को यह भरोसा दिलाते हैं कि जब तक देश की सीमाओं पर भारतीय सेना तैनात है, तब तक कोई भी इस देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता।'

### 'आकाश': हवाई खतरों से बचाने वाला भारत का स्वदेशी हथियार

'आकाश' को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया। डीआरडीओ की ओर से विकसित 'आकाश' एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों द्वारा विकसित किया गया है। 18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 किलोमीटर दूरी तक निशानाः 'आकाश' बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है।

# नूंह से एक और पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार, पाक को भेज रहा था भारतीय सेना की जानकारी

- फोन में मिले गद्दारी के सबूत, चैटिंग से बड़ा खुलासा

**एजेंसी**



**नई दिल्लीः** हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले में पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तावडू उपमंडल के गांव कांगरका से तारीफ पुत्र हनीफ को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दो दिन पहले राजाका गांव से अरमान की जासूसी के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद हुई है। तारीफ की चैट से हुआ बड़ा खुलासाः तारीफ पर आरोप है कि वह व्हाट्सएप के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात दो कर्मचारियों को उपलब्ध करा रहा था। मामले में नूह पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत आरोपी मोहम्मद तारीफ निवासी कांगरका थाना सदर तावडू पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात पाकिस्तानी नागरिक आसिफ बलोच और जाफर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

हरियाणा पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिली कि तारीफ निवासी लंबे समय से भारतीय सेना और डिफेंस तैयारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दुश्मन देश पाकिस्तान में भेज रहा है। जो लोगों को पाकिस्तान जाने के लिए वीजा लगवाने के लिए बोलता था। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ और उसके मोबाइल को जब्त कर जांच करने पर संदिग्ध चैटिंग मिल सकती है। बावला राधा स्वामी सत्संग के पास से हिरासत में लियाः इसी सूचना के आधार पर चंडीगढ़ विशेष पुलिस बल और केंद्रीय जांच एजेंसी ने तावडू सीआईए और सदर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसे गांव बावला राधा स्वामी सत्संग के समीप से रविवार देर शाम हिरासत में लिया गया। हिरासत में लेने से पहले पुलिस टीम को सामने देख तारीफ ने अपने मोबाइल में कुछ चैटिंग को डिलीट करने का भी प्रयास किया था।

### न्यूज ब्रीफ

## संतुलित होकर पलटी गाड़ी



**मुरी:** मुरी गोला रोड मुख्य सड़क के सिंगपुर मैरिज हाल के समीप छोटा पिक वेन असंतुलित होकर पलट गया। उसमें बैठे केदार साव और सुरज ठाकुर बच गए। लोगों का भीड़ जुट गया। पुलिस भी पहुंची। खाली गाड़ी बुण्डु से रामगढ़ जा रही थी।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



**खूंटी:** अड़की थाना क्षेत्र के नीलीडीह रूमचु के बीच सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जिसमें से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरा युवक को घायल अवस्था में सदर अस्पताल खूंटी लाया गया जहां इलाज के क्रम में युवक में दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि दोनों युवक शनिवार को गुंतुरा में छऊनाच देखने गया था। जहां से सोमवार को 19 वर्षीय सुखलाल लोहारा पिता ऐतो लोहारा और 20 वर्षीय बिरसा मुंडा पिता जावरा मुंडा दोनों युवक हुट के रहने वाले थे और मेला से अड़की की और अपने स्प्लेंडर बाइक में काफी तेज गति से जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक नीलीदही वा रूमचू के पास पहुंचे तो बाइक टर्निग ने असंतुलित होकर कलभट पुल से जा टकराई। इस घटना में दोनों युवक को सर और पूरे शरीर में काफी गंभीर चोट आई थी। जिससे सुखलाल लोहारा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि बिरसा मुंडा को काफी गंभीर रूप से घायल स्थिति में इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी लाया गया। जहां पर उसने इलाज के क्रम में अंतिम सांस ली।

## आरएनएम कालेज में शासी निकाय का गठन, डॉ टीएन सिंह बने सचिव



**चतरा:** हंटरगंज स्थित राम नारायण मेमोरियल कालेज के शासी निकाय गठन को लेकर रविवार को सांसद कालीचरण सिंह के आवास पर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद ने की। बैठक में एसडीओ जहूर आलम, प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो मुख्तार आलम, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य कई उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षाविद सह चतरा कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ टीएन सिंह को शाशी निकाय समिति का सचिव मनोनीत किया गया। कालेज के विकास और पठन पाठन को सुदृढ़ बनाने के लिए सचिव पद की बड़ी जिम्मवारी डॉ टीएन सिंह को दी गई। सचिव पद पर मनोनयन किए जाने पर डॉ टीएन सिंह ने सासंद एवं शासी निकाय के प्रो रियाजउद्दीन अंसारी, डॉ राजीव रंजन तिवारी, शिवरतन सिंह, हाजी ताहिर हुसैन, प्रो पंकज कुमार, प्रो सरयू यादव, प्रो स्वेता सिंह, प्रो पूजा सिंह, प्रो कुमारी मंजू सिंह, प्रो राखी सिंह सहित कालेज के कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। यहां बताते चले कि आरएनएम कालेज में विगत चार माह से शासी निकाय भंग था। इसके कारण कॉलेज को सुचारू रुप से संचालित करने में परेशानी हो रही थी।

## कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में गिद्धौर थाना प्रभारी निलंबित



**चतरा :** गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एसपी विकास कुमार पांडेय ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया हैं।सूत्रो के अनुसार थाना प्रभारी द्वारा अफीम व ब्राउन शुगर के तस्कर व नशे कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही थी। बता दें कि इन दिनों गिद्धौर ब्राउन शुगर का अड्डा बना हुआ है। गिद्धौर के कई तस्करो को हजारीबाग व दूसरे शहरो में अफीम व ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार हो रहे थे।जबकि थाना क्षेत्र में कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही थी।

## किसानों को उन्नत खेती का दिया गया प्रशिक्षण



**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के खूंटीकेवाल पंचायत सचिवालय में रविवार को कृषि संस्था द्वारा प्रखण्ड के सैकड़ो किसानों को एक दिवसीय फसल विविधता और कृषि व्यवसाय पर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला ट्रेटरी मैनेजर निवारण पांडे ने किसानों को प्राकृतिक व जैविक तरीके से कंपोस्ट पिट, जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत व दशपर्णी अर्क तैयार करने की विधियां सिखायी गयीं. यह सभी जैविक विधियां आगामी मानसून के दौरान उपयोग में लायी जायेंगी, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहेगी और फसलों की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।मैनेजर ने आगे बताया कि किसानों को सतत कृषि में लाभ प्राप्त होगा। प्राकृतिक व जैविक खाद के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है. प्रायः यह देखा जाता है कि किसान रासायनिक खाद का प्रयोग करते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।जबकि जैविक व प्राकृतिक खाद का उपयोग से उत्पादित फसल स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल अनुकूल है वही आगे उन्होंने कीटनाशक दवा के बारे में भी जानकारी दी।मौके पर क्षेत्र प्रतिनिधी श्री कांत कुमार, राजकुमार यादव आशुतोष कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, विजय सिंह, संजय यादव, रूपन यादव, प्रमोद कुमार व सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### चंपाई सोरेन के बयान पर जेएमएम का पलटवार, कहा

# आदिवासी-मूलनिवासियों को बांटने की कोशिश कर रहे बीजेपी नेता



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** राज्य में पक्ष-विपक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो चुकी है। भाजपा नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है और केंद्र सरकार से एसटीएफ गठन की मांग की है। चंपाई सोरेन के बयान पर पलटवार करते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ हुई है तो इसके लिए जिम्मेदार केंद्र सरकार है।

झारखंड की राजनीति में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा एक बार फिर चर्चा का विषय बन चुका है। दरअसल, पिछले दिनों भाजपा नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में संरक्षण दिया जा रहा है। राज्य सरकार इसके लिए दोषी है। इसके साथ-साथ उन्होंने केंद्र सरकार से स्पेशल टास्क फोर्स बनाने की मांग की थी।

सिर्फ अलगाव की राजनीति करती है भाजपा : वहीं, अब इस पर झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को राज्य की जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। भाजपा सिर्फ अलगाव की राजनीति में विश्वास करती है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के नाम पर झारखंड के आदिवासियों और मूलनिवासियों को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार के स्पेशल टास्क फोर्स के गठन का इरादा सिर्फ और सिर्फ आदिवासी समाज को डराने और कमजोर करने का एक षड्यंत्र है। विनोद पांडेय ने कहा कि जो लोग भाजपा में जाकर बयानबाजी कर रहे हैं, वह शायद भूल रहे हैं कि भाजपा आदिवासियों के नाम पर राजनीति करते आ रही है जो कि उनके उ्ठअ में है। सत्ता में रहते हुए उन्होंने कभी सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं दी, यह एक बड़ा मुद्दा है।

अगर बांग्लादेशी घुसपैठ हुई तो इसकी जिम्मेदार केंद्र सरकार हैः

महासचिव विनोद पांडेय ने चंपाई सोरेन के बयान पर टिप्पणी कर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर घुसपैठ हुई है तो इसके लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा पूरी तरह केंद्र सरकार का विषय है। भाजपा को अपनी गलती माननी चाहिए और इस विषय पर जांच कर कदम उठाने चाहिए। लेकिन अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने की भाजपा की पुरानी आदत रही है।

धार्मिक ध्रुवीकरण कर सत्ता हथियाने का फॉर्मूला अपनाती है भाजपाः झारखंड में धर्मांतरण के मुद्दे पर भी चंपाई सोरेन ने बयान दिया है, जिसपर झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो हमेशा से ही धार्मिक ध्रुवीकरण कर सत्ता हासिल करने की कोशिश करती रही है। झामुमो के इतिहास को अगर देखा जाए तो पता चलेगा आदिवासियों-मूलनिवासियों के अधिकारों के लिए इस पार्टी ने हमेशा संघर्ष किया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने भाजपा को सुझाव देते हुए कहा कि भाजपा नेता आदिवासियों के मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय उनके अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस और उचित कदम उठाएं।

## रिम्स के डॉक्टर की पेड़वाघाघ जलप्रपात में डूबने से मौत



मेट्रो रेज संवाददाता

**खूंटीः** जिला के पेड़वा घाघ जलप्रपात में संडे को रांची रिम्स से डॉक्टरों की एक टोली जिसमें लगभग 26 लोग थे, पिकनिक मनाने आए थे। जहां पर पिकनिक मनाने के क्रम में कुछ मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट नहाने के लिए पानी में उतरे, पर गहराई का सही अनुमान नहीं होने के कारण चार से पांच लोग डूबने लगे। जिन्हें बचने के प्रयास में और भी कुछ लोग डूबने लगे, जिन्हें लोगो की सहायता से बचाया गया। पर डूब रहे लोगो में से एक युवक अभिषेक माइकल खलखो गहरे पानी में डूब गया। जिसे बाद में काफी प्रयास के बाद निकला जा सका। जिसे लेकर साथ आए डॉक्टर और मेडिकल के स्टूडेंट सदर अस्पताल खूंटी पहुंचे, जहां पहले से ही रांची रिम्स से कुछ डॉक्टरों की टोली घटना की जानकारी मिलने पर पहले से ही पहुंची ही थी। खूंटी सदर अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति में अभिषेक को ऑक्सीजन के साथ एटी ट्यूब लगाकर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि अभिषेक के स्थिति नाजुक बनी हुई है। अगले 24 घंटे के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बताया जा रहा है कि अभिषेक माइकल खलखो मेडिकल का स्टूडेंट है, और उसने एमबीबीएस कंप्लीट कर लिया है। और अभी एंट्रेंस कर कर रहा था। अभिषेक का छोटा भाई में मेडिकल की पढ़ाई कर रही वो भी पिकनिक मानने खूंटी आया था। खूंटी में समय से ही अफरातफरी का माहौल था, क्योंकि चार लोगों की डूबने से जान जाने की खबर आ रही थी जोकि बाद में एक बताई गई। पर जब अभिषेक को लेकर खूंटी अस्पताल आया गया तब बताया गया कि उसकी सबसे चल रही है। हालांकि उसकी हालत नाजुक है पर उसे रांची रिम्स रेफर किया गया है।

## झमाझम बारिश ने बदला मौसम, उमस भरी गर्मी से मिली राहत, 7 डिग्री गिरा तापमान



मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** बढ़ती गर्मी व तपिश से रविवार शाम को लोगों को राहत मिली। पिछले एक सप्ताह से हंटरगंज प्रखण्ड के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग भीषण गर्मी का अनुभव कर रहे थे। दोपहर 3 बजे बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। रविवार को सुबह से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया, साथ ही दिन भर रुक रुककर धूप देखने को मिल रहा था लेकिन, उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाती रही। दोपहर 3 बजे होते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली ,सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे, इस वजह से रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव से रविवार को हंटरगंज प्रखण्ड का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। वही पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 42 डिग्री रह रही थीं इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था।भीषण लू और उमस के कारण लोग दिन में घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे थे।लेकिन रविवार को दोपहर तीन बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी फिलहाल तापमान 35 डिग्री है । आचनक बारिश से मौसम सुहावना हो गयाहै और गर्मी से लोगों ने सुकून की सांस ली है।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ समापन

मेट्रो रेज संवाददाता

**पिपरवार (चतरा) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कुसुमटोला स्थित सरना एकेडमी स्कूल खेल मैदान में चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा चल रहे दो दिवसीय 14वीं चतरा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया।प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के एथलेटिक्स खिलाड़ियो का बेहतर प्रदर्शन रहा।दूसरे दिन प्रतियोगिता मे लंबी कूद, गोला फेक एवं भाला फेंक का इवेंट कराया गया,जिसमे बालक वर्ग गोला फेक मे प्रथम स्थान प्रभात कुमार भगत,द्वितीय स्थान रंजन टाना भगत एवं तृतीय स्थान दीलिप टाना भगत रहा।वही बालिका वर्ग गोला फेक मे प्रथम स्थान अलका रानी कुजूर,दूसरा स्थान ममता कुमारी एवं तृतीय स्थान उर्वशी कुमारी रहा।इसी तरह बालक वर्ग भाला फेक मे प्रथम रंजन टाना भगत, द्वितीय अनमोल टाना भगत एवं तृतीय अनिकेत टाना भगत,बालक वर्ग लंबी कूद मे प्रथम ओम उरांव,द्वितीय अरमान कुजूर एवं तृतीय दीलिप टाना भगत,बालिका वर्ग लंबी कूद मे प्रथम पूजा कुमारी,द्वितीय प्रतिमा कुमारी एवं तृतीय अनिशा कुमारी रहा।सभी विजेता एथलेटिक्स खिलाडियो को सरना एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक गोपाल सिंह, उप प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश गुप्ता एवं चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गणेश कुमार महतो के द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी,सचिव राकेश कुमार सिंह,चतरा जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, चंद्रेश शर्मा,चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गणेश कुमार महतो एवं सरना एकेडमी स्कूल के निदेशक महेंद्र उरांव का सराहनीय योगदान रहा।

## डायन बिसाही का आरोप लगाकर महिला के साथ मारपीट ,सात के खिलाफ एफआईआर

**चतरा :** सदर थाना में रविवार को डायन बिसाही के एक मामले में सदर थाना क्षेत्र में अहुरी आसानी गांव के सात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। यह एफआईआर गांव के ही विजय यादव के आवेदन के आधार पर किया गया है। विजय यादव ने गांव के विष्णु पाठक के पुत्र अनिल पाठक, स्व मीना यादव के पुत्र तिलकधारी यादव, भीम यादव के पुत्र राकेश यादव, चुरामन यादव के पुत्र मोहन यादव तथा तिलकधारी यादव के पुत्र कुलेश्वर यादव, प्रकाश यादव एवं रघुवर यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना को दिए आवेदन में विजय यादव ने बताया है कि उपरोक्त लोगों के द्वारा उनकी मामी हेमंती देवी को डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट किया है। आरोपियों का कहना था कि उसकी मामी उनके बच्चों को डायन भूत लगाकर बीमार कर देती है। जब उसने व उसकी मामी ने इसका विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने उन्हें व उनकी मामी के साथ मारपीट कर दिया।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स

# चतरा की पहली महिला फुटबॉल खिलाड़ी पूनम ने जीता गोल्ड मेडल

### बिहार के बेगुसराय में 4 से 15 जून तक आयोजित था गेम्स

### झारखंड सरकार की खेल नीति 2022 के तहत पूनम को मिलेगा 75 हजार का इनाम



मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के एक छोटे से गांव डाढ़ा से निकल कर पूनम ने राष्ट्रीय फलक पर परचम लहराया है। पूनम खलको राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित फुटबॉल टूनामेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाली जिले की पहली खिलाड़ी बन गई है। पूनम की इस सफलता से ना सिर्फ उसके परिजन गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, ब्लकि जिले के खेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में भी हर्ष है। चतरा की पूनम खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में झारखंड फुटबॉल टीम से प्रतिनिधि कर रही थी। अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पूनम टीम में राइट साइड बैक की पोजिशन से खेलती है। उन्होंने अपनी लग्न और मेहनत के बदौलत ना सिर्फ झारखंड महिला फुटबॉल टीम में अपनी जगह बनाई, बल्कि दो वर्षों के कड़ी तपस्या के बाद नेशनल खेल में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडलिस्ट बनी। यह पहला मौका है जब चतरा जिले से किसी खिलाड़ी ने फुटबॉल में नेशनल स्तर पर मेडल जीता है। पुनम खलखो डाढ़ा गांव निवासी किसान मनोज खलखो की पुत्री है।

04 से 15 मई तक बिहार के बेगुसराय में आयोजित था नेशनल गेम्सः खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का मेजबानी इस बार बिहार राज्य को मिली थी। बिहार के बेगुसराय में 4 से 15 मई तक नेशनल फुटबॉल टूर्नामिंट आयोजित था। पुनम ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस टूर्नामिंट में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 8500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें झारखंड महिला फुटबॉल टीम ने फाइनल में जीत हासिल किया। पूनम 19 मई को चतरा वापस लौट रही है। जिला खेल कार्यालय के द्वारा पूनम के स्वागत की तैयारी की जा रही है।

खेलो इंडिया फुटबॉल सेंटर से पूनम ले रही है प्रशिक्षणः पूनम खलको चतरा के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में खेल विभाग द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर से फुटबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। जहां फुटबॉल कोच बासुदेव उरांव उनकी प्रतिभा को निखारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। फुटबॉल प्रशिक्षक बासुदेव उरांव ने कहा कि पुनम की इस उपलब्धि चतरा जिले के अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि पुनम ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह साबित कर दिया कि छोटे गांव व शहरों से भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।

### चतरा जिले के लिए गौरव का क्षण : डीएसओ

जिला खेल पदाधिकरी तुषार राय ने कहा कि पूनम की यह सफलता चतरा जिले के लिए गौरव का क्षण है। चतरा की बेटी ने राष्ट्रीय मंच पर गोल्ड मेडल जीत कर अपनी छाप छोड़ी है। पुनम चतरा की पहली गोल्ड मेडल जीतने वाली खिलाड़ी बनी है। उन्होंने कहा कि झारखंड खेल नीति 2022 के तहत अब पूनम को 75 हजार रुपए की इनामी राशि भी मिलेगा। पूनम के इस उपलब्धि से स्थानीय युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा।

# झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण पर चंपाई सोरेन ने जतायी चिंता

संवाददाता

**रांचीः** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक चम्पई सोरेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्यो में अवैध घुसपैठियों की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा टास्क फोर्स का गठन किये जाने का स्वागत करते हुए कहा कि हमने कुछ महीने पहले अभियान शुरू किया अब केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को दिशा निर्देश दिया कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित व पहचान करें इसके लिए टास्क फोर्स बनाना है। यह सभी राज्यों को दिया गया है। इसके लिए हम देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आभार प्रकट करते है।

## टास्क फोर्स के गठन का किया स्वागत



पाकुड़ और साहेबगंज जिलों में 95% बांग्लादेशी घुसपैठियेः पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक चम्पई सोरेन ने कहा झारखंड प्रदेश में बांग्लादेश घुसपैठ और धर्म परिवर्तन तेज रफ्तार पकड़ रहा है। यह सामने भी आने लगा हैं । पाकुड़ और साहेबगंज जिलों में 95% बांग्लादेशी घुसपैठिया मिलेगा। बोकारो , चतरा में भी कई फर्जी निकला जिनको अभी तक होल्डिंग सेंटर में नही रखा गया। राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर कही ये बातः वही बोकारो में एक वर्ग विशेष के द्वारा आदिवासी महिला से दुष्कर्म करने प्रयास और महिला द्वार शोर मचाने के बाद दुष्कर्मी की ग्रामीणों द्वारा पिटाई के दौरान हुए मौत के मामले पर कहा कि अपनी इज्जत बचाने के लिए आदिवासी महिला ने चिल्लाया इसके बाद महिला को बचाने के लिए लोग आये और दुष्कर्मी से हटा पाई हुई पर ये हत्या के लिए नही, जिसपर राज्य का एक मंत्री जाकर दुष्कर्मी के परिजन को मुआवजा दे रहा हैं राहुल गांधी की तरफ से एक लाख, मुख्यमन्त्री की तरफ से एक लाख और विभाग की तरफ से चार लाख , साथ ही आश्रितों को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी का आश्वासन । उन्होंने पूछा कि क्या इस तरह के जघन्य काम करने वाले लोगों को सम्मान दीजिएगा तो एक आदिवासी महिला का सम्मान क्या बचेगा। क्या इसीलिए झारखंड को अलग किया गया था। महिला पर अत्याचार करने वालों को मुआवजा मिलता है वैसा मंशा रखने वालों का मनोबल बढ़ रहा है। धर्मांतरण पर चंपाई सोरेन ने जताई चिंताः चंपाई सोरेन ने आगे कहा कि अनुसूचित जनजाति अगर ईसाई धर्म अपनाते हैं तो रिजर्वेशन नही मिलना चाहिए। आंध्र प्रदेश में भी यह क्लियर कर दिया हैं। कोर्ट ने भी कहा कि आपने ईसाई धर्म अपना लिया हैं तो आपका रिजर्वेशन का हक नही मिलेगा । इसी तरह झारखंड में भी कई लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया उनका भी रिजर्वेशन समाप्त कर देना चाहिए। देश में लोग कोई भी धर्म अपनाए इसमें कोई रोक-टोक नहीं है। झारखंड जिस उद्देश्य से झारखंड बनाया गया उस उद्देश्य से यह झारखंड सरकार भटक गया है। इसके लिए 30 जून से बड़ा आंदोलन करने जा रहे हैं। झारखंड को बचाना है आदिवासियों को जगाना है अपना अस्तित्व बचाना हैं।

# अजय नाथ शाहदेव को जेएससीए का नया अध्यक्ष चुने जाने पर सुनील सिंह ने दी बधाई

मेट्रो रेज




**रांचीः** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने जीएसीए के चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव को बधाई दी है। बधाई देते हुए सुनील कुमार सिंह ने आशा व्यक्त कि की अजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में झारखंड क्रिकेट को एक नई ऊंचाई हासिल होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रांची में अब और भी अधिक टेस्ट क्रिकेट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा सकेगा। कहा कि अजय नाथ शाहदेव की टीम कुशल अनुभवी एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित है। उन्हें इस बात का पूरा भरोसा है कि झारखंड में क्रिकेट अब नए आयाम पर स्थापित होगा,प्रदेश में क्रिकेट का विकास होगा, साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर रांची और झारखंड को और भी महत्वपूर्ण पहचान मिलेगी। उन्होंने अजय नाथ शाहदेव के टीम के अन्य सदस्यों को भी विभिन्न पदों पर निर्वाचित होने पर बधाई दी है। श्री सिंह ने ये भी कहा कि झारखंड क्रिकेट जगत की पूरे देश में एक अलग पहचान है, इसे बरकरार रखना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा जोश से लबरेज नई टीम झारखंड में क्रिकेट के खेल और खिलाड़ियों के विकास में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर झारखंड क्रिकेट को नई दिशा देगी। कहा कि हमें उम्मीद है कि नवनिर्वाचित टीम ने अपने घोषणा पत्र के अनुसार जिस विश्वास को झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के बीच में जगाया है, उसके अनुसार काम करते हुए क्रिकेट को एक नया मुकाम देने की कोशिश करेंगे। ताकि, झारखंड के खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। बधाई देने वालों में रामेश्वर दयाल सिंह, संतोष सिंह,दिलीप सिंह, अशोक दुबे, लाल लोकनाथ शाहदेव, लक्ष्मण शाहदेव, मुकेश सिंह राजपूत, यश सिंह परमार, राजेश रंजन उर्फ मुना,अनुज पांडे, राजू पांडे, सुमित पाठक सहित कई अन्य नाम शामिल है।

# अब्दुल्ला अंसारी ने प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



मेट्रो रेज

**खलारी :** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे वही मैट्रिक व इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। और छात्र राजकुमार महतो को 20 हजार रुपये और इंटर में स्कूल टॉपर सोनू चौहान को 10 हजार और इंटर के द्वितीय स्कूल टॉपर सुहाना कुमारी को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी। इस दौरान सभी छात्रों को डायरी और पेन दिया। मजदूर नेता ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नींव है। मौके पर स्कूल के निदेशक अभिषेक चौहान सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी के अलावा काफी लोग उपस्थित थे।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का रक्तदान शिविर

# पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्मः सुबोधकांत सहाय

मेट्रो रेज

रांचीः संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में बुद्ध विहार कॉलोनी स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। रक्तदान जीवन दान के समान है। श्री सहाय ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संत निरंकारी मिशन के इस पुनीत कार्य की सराहना की। शिविर में रक्तदाताओं से 50 यूनिट रक्त एकत्रित कर सदर अस्पताल की टीम को सौंप दिया गया। संत निरंकारी मिशन की ओर से बताया गया कि युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी सदैव ही समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उनके उपदेशों को मानते हुए वर्ष 1986 से लगातार रक्तदान शिविर के आयोजन का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर पटना से आए जोनल इंचार्ज नवल किशोर सिंह ने सतगुरु के संदेश को साझा करते हुए कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिह ने कहा था कि इंसानी रक्त मानव की नाड़ियों में बहना चाहिए ना कि नालियों में। उनके उपदेशों से प्रेरित होकर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। सदर अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने सराहना करते हुए कहा कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन रक्तदान शिविर का आयोजन करने वाली विश्व स्तर की अग्रणी संस्था है, जो इंसान को मजहब, जाति, पहनावा आदि से ऊपर उठ कर हर एक में परमात्मा के स्वरूप को पहचाने का आह्वान देती है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन पूरे विश्व में इस आयोजन को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है । मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रौशन लाल भाटिया, समाजसेवी सुनील सहाय, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, गया के जोनल इंचार्ज राकेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



# पटना से हजारीबाग जा रही बस खाई में गिरी, 9 घायल,3 गंभीर

संवाददाता

**रांचीः** हजारीबाग में रांची-पटना मुख्य मार्ग पर आज यानी सोमवार सुबह एक बस हादसा हो गया है। दरअसल बस बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस घटना में 9 यात्री घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, घटना हजारीबाग जिले के पदमा ओपी थाना क्षेत्र में हुई है। बताया जा रहा है कि बस पटना से हजारीबाग आ रही थी। इस दौरान रास्ते में बस तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित हो गई। जिस कारण बस सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में 9 यात्री घायल हो गए। वहीं तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। तीन यात्रियों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। वहीं इस हादसे के बाद मौके से बस चालक फरार हो गया। इस वजह से हुआ हादसाः घटना के संबंध में यात्रियों ने बताया कि दुर्घटना के समय बस को चालक की जगह खलासी चला रहा था। इसी वजह से हादसा हुआ। फिर, हादसे के बाद बस चालक और खलासी दोनों फरार हो गये। यात्री किसी तरह बस में लगे शीशे तोड़कर बाहर आये और अपनी जान बचायी। वहीं, मामले की जानकारी मिलते ही पदमा ओपी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। यहां घायलों का इलाज चल रहा है। मुआवजे की मांगः बता दें कि स्थानीय लोगों ने लापरवाह वाहन चालक और बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही घायल यात्रियों और उनके परिजनों ने बस संचालक से मुआवजे की मांग की है। फिलहाल, इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# आरएसपी की नयी राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनिका गौतम को निपु सिंह ने दी बधाई




मेट्रो रेज

रांचीः राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह रांची लोकसभा पूर्व प्रत्याशी निपु सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी की नयी राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनिका गौतम को बधाई दी । इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में कुछ महीने बचे हैं उसको देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानुज सिंह ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एक यंग, मेहनती, शिक्षित, एक्टिव और विकास पुरुष महिला मोनिका गौतम को बनाया । उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी बिहार के सैकड़ो से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ रही है जिसमें तीन सीट पर वह बड़े-बड़े पार्टियों को टक्कर दे रही है वहां पर बड़े मुकाबले होने की संभावना है और सिंह ने जोर देकर कहा कि आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी अपना अलग छाप छोड़ेगी और एक अलग पहचान बनाएगी । इस बधाई के मौके पर निपु सिंह, प्रेम कुमार, संदीप कुमार, मिथिलेश पांडे, रवि रंजन कुमार, आरिफ अंसारी, मोहन महतो और मंजय दुबे सहित सैकड़ो लोगों ने बधाई दी ।

# मक्का पहुंचकर दुआओं में याद रखें

मेट्रो रेज

रांचीः मुकद्दस सफर पर जा रहे हाजियों से मुलाकात करने के लिए समाजसेवीका फरहाना खातून समेत बड़ी संख्या में लोग हज हाउस रांची पहुंचे । हज यात्रियों को विदा करने के लिए उनके रिश्तेदार परिजन पहुंचे । समाज सेविका हज हाउस पहुंचकर सभी महिला हाजियों से मिलकर उनका खैर मकदम किया । उन्होंने कहा कि मक्का पहुंचकर दुआओं में याद रखें। फरहाना खातून में सभी को पानी का बोतल और बुके देकर सम्मानित भी किया । फरहाना खातून ने कहा कि मक्का पहुंचकर हम लोगों के लिए दुआ करें ताकि हम लोग भी जा सके आप लोग खुशनसीब हैं जो हज के लिए जा रहे हैं । हज यात्रियों का पहला जत्था 20 मई से शुरू हो रहा है ।



# 24 मई को होंगे एक्वा वर्ल्ड के कार्यक्रम

**रांचीः** बारिश और खराब मौसम के कारण एक्वा वर्ल्ड द्वारा आयोजित होने वाला कार्यक्रम झारखंडी संडे स्थगित करना पड़ा। अब यह कार्यक्रम शनिवार, 24 मई को आयोजित होगा।

# पतरातू डैम में पावर बोट रिमोट कंट्रोल प्रशिक्षण शुरू



**रांची :** झारखंड पर्यटन विभाग ने पतरातू डैम में स्थानीय लोगों के लिए पांच दिवसीय पावर बोट रिमोट कंट्रोल प्रशिक्षण शुरू किया है। ट्रेनिंग में गोवा से आए प्रशिक्षक मुरुकेशन निवास द्वारा 20-20 की टीम को ट्रेनिंग दी गयी। बताया कि डैम में कई बैच के लोगों को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग पूरा होने पर इन्हें सर्टिफिकेट और लाइसेंस झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा दिया जाएगा। ट्रेनर ने बताया कि पर्यटकों को कैसे बचाना है। अगर किसी कारण पर्यटक पानी में गिर जाए, या बीच में ही बोट बंद हो जाए तो किया करें। एक- एक चीज गंभीरतापूर्वक बताया । कोई डूब रहा हो तो पहले किया करना है कैसे बचाना है। इसकी ट्रेनिंग दी गई। स्पीड बोट चलाने का नियम और कानून और पर्यटकों से कैसे व्यवहार करना से भी सिखाया गया। सरकार के गाइडलाइन की भी जानकारी दी गयी। ट्रेनिंग पाकर लोग बहुत खुश नजर आए। ट्रेनिंग पाने वालों में तारिक अंसारी, पंकज कुमार,अब्दुल बारिक, भोला महतो, प्रेम रंजन व अन्य शामिल थे।

## मत्स्य कृषकों की आर्थिक समृद्धि बढ़ाने की सराहनीय पहल

# विश्व बैंक और एएफडी टीम ने किया लोहरदगा, गुमला व रांची जिले का दौरा

- पीएमएमकेएसवाई का लिया जायजा
- मत्स्य बीज उत्पादकों व मत्स्यपालकों का किया उत्साहवर्धन

मेट्रो रेज

रांचीः विश्व बैंक और एजेंसी फ्रांसेस डी डेवलपमेंट (एएफडी) की पांच सदस्यीय टीम ने झारखंड राज्य के दौरे के क्रम में रविवार को लोहरदगा, गुमला तथा रांची जिले का भ्रमण किया। टीम में शामिल अधिकारियों ने इन जिलों में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना (पीएमएमकेएसवाई) की प्रगति का जायजा लिया। इस क्रम में मत्स्य किसानों की आर्थिक समृद्धि बढ़ाने पर बल दिया गया।

टीम द्वारा लोहरदगा जिले के झारोचट्टी गांव में बायोफ्लॉक तालाब का भ्रमण किया गया।






मौके पर लाभुक सीमा तिवारी सहित अन्य लाभुकों ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा किया। श्रीमती तिवारी द्वारा बताया गया कि अभी तक आठ टन पंगेशियस, तिलापिया एवं सिंघी मछली का उत्पादन इनके द्वारा किया गया है । इनके साथ 15-20 किसान प्रत्यक्ष तौर जुड़े हुए हैं। इसके बाद नारिकेल गांव बसिया (गुमला) के फिश फार्म का भी भ्रमण किया। जहां अधिकारियों ने समन्वित मछलीपालन, फीड मील की जानकारी ली। इसके साथ ही पिपरा टोली (रांची) में अलंकृत मछलीपालन का अवलोकन किया। पदाधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह द्वारा मत्स्य पालन के इस बेहतरीन कार्य की सराहना की। वहां एक्वेरियम शॉप को भी देखा। साथ में मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, धुर्वा में मत्स्य कृषकों से वार्ता की। पीएमएमएसवाई परियोजनाओं के बारे में अपना अनुभव साझा किया। रांची जिला के प्रगतिशील किसान निषांत कुमार के आरएएस एवं बायेफ्लॉक टैंक में वैज्ञानिक पद्धति से किए जा रहे मछली पालन का जायजा लिया। टीम में शामिल पदाधिकारियों ने मत्स्य किसान प्रषिक्षण केन्द्र में विभिन्न जिलों से आये हुए मत्स्य बीज उत्पादकों से भी वार्ता की एवं झारखंड राज्य में मत्स्य पालन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उनके द्वारा समिति का गठन करने, सरकार की योजनाओं से जुड़ने तथा नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) पर पंजीकृत करने एवं योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। पदाधिकारी ने बताया कि मछली का भी बीमा करा सकते हैं । जिसके लिये ओरिएंटल इंश्योरेंस तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कॉरपोरेशन से मछलियों की बीमा करा सकते हैं। इसके लिये भारत सरकार द्वारा वन टाइम इंसेंटिव प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरे में निदेशक मत्स्य डॉ.एचएन द्विवेदी के नेतृत्व में संयुक्त मत्स्य निदेशक अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, शंभू कुमार यादव,उप मत्स्य निदेशक संजय गुप्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी, गुमला कुसुम लता, सहायक मत्स्य निदेशक गीतांजलि, मुख्य प्रशिक्षक, एफएफटीसी, रांची डॉ प्रशांत कुमार दीपक शामिल थे।

वहीं, विश्व बैंक के वरिष्ठ मत्स्य उद्योग मानक विशेषज्ञ जूलियन मिलियन, मिस ऑर्फी सिलार्ड, निधि बत्रा, भारत सरकार से आई.ए सिद्दिकी और नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सुविचार

गीता में कहा गया है जो आपकी भावनाओं को जानकर भी आपको तकलीफ दे वो कभी अपना हो ही नहीं सकता

# छोटी सी आशा

पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन देश के नाम था, लेकिन इसने संदेश पूरी दुनिया को दिया। भारत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बावजूद उसने पाकिस्तान की समझौते की गुहार मान ली, क्योंकि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए हिंदुस्तान का कदम आशा की बहुत बड़ी किरण है। आतंक पर होगी बातः पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान भारत ने अद्भुत संयम का परिचय दिया। लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ थी और भारतीय सेनाओं ने उसे ही लक्ष्य किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन से साफ कर दिया कि आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। शांति का एकमात्र रास्ता यही है कि पाकिस्तान को अपने टेरर इंफ्रा का सफाया करना होगा। पड़ोसी देश से अब बात होगी तो आतंकवाद और PoK पर।

विकास का लक्ष्यः पीएम नरेंद्र मोदी ने विकसित और शक्तिशाली भारत की बात की है। देश के सामने सबसे बड़ा लक्ष्य यही है। 2047 तक विकसित मुल्क बनने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से ग्लोबल जियो पॉलिटिक्स में नई आशा जगी है।इसी तरह की एक और आशा है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, भले ही अभी केवल 90 दिनों के लिए ही। डॉनल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी के चलते दोनों देश एक नए ट्रेड वॉर की तरफ बढ़ चले थे। इससे पूरी ग्लोबल इकॉनमी तनाव में थी, भारत भी। अब जब बात हुई है, तो आशा है कि आगे कोई बेहतर हल भी निकल आएगा। रूस-यूक्रेन बातचीतः एक और सकारात्मक खबर यह भी रही कि तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह हो सकती है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही इसे लेकर उम्मीदें जग गई थीं और अब गुरुवार को तुर्किये में दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होने जा रही है। सकारात्मक असरः यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आई सकारात्मक खबरों का असर रहा कि सोमवार को भारत का निफ्टी इंडेक्स 3.5% से ज्यादा बढ़ा है। ताजा घटनाक्रमों से जब अमेरिका और चीन की अर्थव्यवस्था सुधरेगी, तो बड़े देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकॉनमी यानी भारत पर भी पॉजिटिव असर जरूर होगा।

# शांति की आस

रूस और यूक्रेन पिछले तीन साल में युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत के इतने करीब कभी नहीं पहुंचे। यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में गुरुवार को जब दोनों देश आमने-सामने होंगे, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस लड़ाई को रुकवाने के लिए कोई हल निकल आएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी इस दौरान तुर्किये में मौजूद रहने के संकेत दिए हैं, जो सकारात्मक कहा जा सकता है। इस बार उम्मीद ज्यादा इसलिए है, क्योंकि मुलाकात का प्रस्ताव रूस की तरफ से आया है। यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने रूस के सामने 30 दिनों के संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा था। मॉस्को ने इसे तो अस्वीकार कर दिया, लेकिन कहा कि वह सीधी बातचीत के लिए तैयार है। अभी तक रूस और यूक्रेन के बीच किसी न किसी मध्यस्थ की मौजूदगी जरूर रही है। पहली बार यह मुलाकात सही अर्थों में द्विपक्षीय होगी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन इसमें खुद मौजूद रहते हैं या उनका कोई प्रतिनिधि जाता है, इस बारे में मॉस्को ने अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, पर उसका वार्ता की मेज तक पहुंचना ही बड़ा डिवेलपमेंट है।रूस और यूक्रेन अगर इस स्थिति तक पहुंचे हैं, तो इसमें ट्रंप की भूमिका से इनकार नहीं कर सकते। दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभालने के पहले से ही उन्होंने युद्ध रुकवाने की बात कहनी शुरू कर दी थी। यूक्रेन को लेकर ट्रंप और उनके डेप्युटी जेडी वेंस के रवैये की आलोचनाओं के बावजूद यह मानना होगा कि अमेरिका ने हिचक तोड़कर रूस से सीधी बात की। उसने सभी पक्षों पर लड़ाई रोकने का दबाव बनाया है। इस सीधी मुलाकात के लिए भी जब रूस की तरफ से प्रस्ताव आया तो ट्रंप ने यूक्रेन को सुझाव दिया कि उसे तुरंत इसे स्वीकार कर लेना चाहिए।

यूरोप चाहता था कि सीजफायर स्वीकार न करने की स्थिति में रूस पर नए प्रतिबंध लगाए जाएं और अमेरिका इसमें साथ दे। जब यूक्रेन से ट्रंप नाराज हो गए थे, तब भी यूरोप उसके साथ खड़ा रहा। ऐसे में बातचीत भले आमने-सामने की हो, लेकिन इसमें यूरोप का पहलू जरूर शामिल होगा। उम्मीदें बहुत हैं, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम तभी मिलेगा, जब रूस-यूक्रेन समझौते को लेकर प्रतिबद्धता दिखाएं। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के चार दिन बाद ही शांति को लेकर कोशिशें की गई थीं। बाद में इस्तांबुल में ही एक मीटिंग भी हुई थी, लेकिन कई मुद्दों पर बात नहीं बन पाई। दोनों देश अपनी जगह अड़े रहे। तीन साल बाद स्थितियां काफी बदल चुकी हैं और दुनिया आशा कर रही है कि दोनों पक्ष शांति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा समूचे विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है।**

डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन तक चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा। उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा समूचे विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने खुद ही तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी- 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे और इमारतें मलबा हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई । वह भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके बाद भी तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। चार मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी हैं। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता , बल्कि एक भूकंप होता है। पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया। जिसके चलते कुछ ही समय में मालदीव के नेता घुटने टेकने के लिए विवश हो गए। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था। लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घूमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन आपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है। पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था। वह तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी में हैं। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई को केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

# डिजिटल युग में बचपन और रिश्तों का संकट

**माँ की ममता भरी थपकी और दादी की कहानियाँ उनके दिन की खुशी का आधार हुआ करती थीं। उस वक्त डिजिटल उपकरणों का नामोनिशान भी नहीं था।आज का बचपन बदले हुए दौर की पहचान है। बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट और वीडियो गेम्स की दुनिया में उलझे रहते हैं। वे घंटों एक छोटी सी स्क्रीन के सामने बैठकर आभासी पात्रों के साथ लड़ते-झगड़ते हैं, लेकिन असली दुनिया से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। वे पारिवारिक संवाद और वास्तविक सामाजिक मेलजोल से दूर हो रहे हैं।**

प्रियंका सौरभ

डिजिटल युग ने जहां हमारी दुनिया को एक-दूसरे के बेहद करीब ला दिया है, वहीं इसके प्रभाव ने बच्चों के जीवन और पारिवारिक रिश्तों में गहरे बदलाव भी ला दिए हैं। आज के बच्चे आँगन की मिट्टी छोड़कर स्मार्टफोन, टैबलेट और गेमिंग की आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं। उनका बचपन अब स्क्रीन की चकाचौंध में डूबा है, जिससे न केवल पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, बल्कि उनकी मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।कुछ दशक पहले का बचपन आज से बिलकुल अलग था। आँगन में कंचे खेलना, मिट्टी में खेलना, दौड़-भाग और गली-मोहल्ले में दोस्तों के साथ मस्ती करना, हर बच्चे की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा था। बच्चे पसीने से तरबतर होकर घर आते थे। माँ की ममता भरी थपकी और दादी की कहानियाँ उनके दिन की खुशी का आधार हुआ करती थीं। उस वक्त डिजिटल उपकरणों का नामोनिशान भी नहीं था।आज का बचपन बदले हुए दौर की पहचान है। बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट और वीडियो गेम्स की दुनिया में उलझे रहते हैं। वे घंटों एक छोटी सी स्क्रीन के सामने बैठकर आभासी पात्रों के साथ लड़ते-झगड़ते हैं, लेकिन असली दुनिया से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। वे पारिवारिक संवाद और वास्तविक सामाजिक मेलजोल से दूर हो रहे हैं।मनोवैज्ञानिक और शोधकर्ता इस बात पर सहमत हैं कि बच्चों में स्क्रीन टाइम का अत्यधिक उपयोग उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए नुकसानदायक है। राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 12-18 वर्ष के लगभग 75% बच्चे दिन में चार से छह घंटे तक मोबाइल या टैबलेट का उपयोग करते हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक इस उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम दो घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अधिक देर तक स्क्रीन देखने से बच्चों की नींद प्रभावित होती है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घटती है और मानसिक तनाव बढ़ता है। इससे अवसाद, चिड़चिड़ापन और अकेलेपन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। साथ ही शारीरिक रूप से भी वे सक्रिय नहीं रहते, जिससे मोटापा, दृष्टि की कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं।परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे के साथ समय बिताने की बजाय अपने-अपने मोबाइल या डिजिटल उपकरणों में खोए रहते हैं। भोजन करते समय भी अधिकतर लोग फोन पर व्यस्त रहते हैं। बच्चों के साथ संवाद की कमी उनके और माता-पिता के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ा रही है। बच्चे अपने मन की बात कहने में संकोच करते हैं, जिससे उनका मनोबल कमजोर होता है। परिवार में संवाद की कमी से बच्चों की समझ और सहानुभूति विकसित नहीं हो पाती। वे अपनी भावनाओं को सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते, जो रिश्तों में दरार का कारण बनता है। इसका असर उनकी सामाजिक व्यवहार, दोस्ती और रिश्तों की गुणवत्ता पर भी पड़ता है।स्क्रीन के सामने बिताया गया अधिक समय बच्चों के सामाजिक कौशल को प्रभावित करता है। वे वास्तविक जीवन के संपर्क में कम आते हैं, जिससे उनकी संवाद क्षमता, सहनशीलता और टीम भावना कमजोर होती है। बच्चे जो जीवन के अनुभवों और अलग-अलग लोगों से मिलने-जुलने से सीखते हैं, वे अनुभव डिजिटल माध्यम से पूरी तरह से नहीं हो सकते। भावनात्मक विकास के लिए भी पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक मेलजोल की जरूरत होती है। बच्चे अपनी खुशियों, दुखों और परेशानियों को परिवार या करीबी दोस्तों के साथ बांटकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। परंतु डिजिटल युग में इस आदत का टूटना, बच्चों को अकेला और असहाय महसूस कराता है।आज के बच्चे अपनी दोस्ती को 'फॉलोअर्स', 'लाइक्स' और 'कमेंट्स' तक सीमित कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जो मित्रता होती है, वह अक्सर सतही और अस्थायी होती है। आभासी मित्रों से मिलने वाली स्वीकार्यता अस्थायी संतुष्टि देती है, लेकिन असली जीवन के कठिन समय में वे समर्थन नहीं दे पाते। गेमिंग की दुनिया में बच्चे जीतने के लिए कई बार आपस में लड़ते हैं, झूठ बोलते हैं या अनैतिक रास्ते अपनाते हैं। यह उनकी नैतिकता और व्यवहार को प्रभावित करता है। खेलों की इस प्रतिस्पर्धा में बच्चों का आपसी प्रेम और सम्मान कम होता जा रहा है।बच्चों के इस डिजिटल मोह को समझना और नियंत्रित करना आज माता-पिता और शिक्षकों की जिम्मेदारी है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, उनकी रुचियों को समझें और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। उन्हें चाहिए कि वे बच्चों के मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग पर नजर रखें और उचित समय सीमा तय करें। स्कूलों में भी डिजिटल लत के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम होने चाहिए, जहाँ बच्चों को डिजिटल संतुलन का महत्व समझाया जाए। बच्चों को प्राकृतिक खेलों, कला, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि उनका मानसिक विकास स्वस्थ हो।सांस्कृतिक और सामाजिक बदलाव की जरूरतयह समस्या केवल व्यक्तिगत स्तर की नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी मांग करती है। हमें समाज के रूप में यह स्वीकार करना होगा कि आभासी दुनिया कभी भी वास्तविक जीवन का विकल्प नहीं हो सकती। परिवारों को चाहिए कि वे पारिवारिक मुलाकातों और वार्तालाप को प्राथमिकता दें। समाज में सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक खेल, त्योहार, मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे बच्चे और परिवार आपस में जुड़ेंगे, भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे और बच्चों का समग्र विकास होग। डिजिटल की दुनिया में खोया बचपन न केवल बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालता है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों को भी कमजोर करता है। बच्चों की हँसी, खेल और रिश्तों की गहराई को बचाने के लिए हमें सजग और सक्रिय होना होगा।जरूरत इस बात की है कि माता-पिता, शिक्षक और समाज मिलकर यह सुनिश्चित करें कि डिजिटल तकनीक का उपयोग संतुलित और स्वस्थ तरीके से हो। बच्चों को वह बचपन दें जिसमें वे न केवल डिजिटल दुनिया के माहिर हों, बल्कि असली जिंदगी के रंग भी गहराई से महसूस कर सकें। आखिरकार, आँगन की मिट्टी की खुशबू, माँ-बाप की ममता और भाई-बहनों का साथ, जो भावनाओं से जुड़ी होती है, उसे कोई भी डिजिटल दुनिया कभी नहीं दे सकती। बचपन की यही मिठास, यही मासूमियत और यही रिश्तों की गूंज जीवन का सच्चा संगीत है, जिसे हमें सहेज कर रखना होगा।

# हनुमान जी का मंदिर जहां मनोकामना पूरी होने पर कराते हैं भंडारा

## अध्यात्म

हम आप अब तक कई हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए गए होंगे। जहां पर दर्शन के बाद भक्त मनोकामना मांगकर वापस अपने घर लौट आते हैं। लेकिन एक मंदिर ऐसा भी है, जहां पर मुराद पूरी होने के बाद श्रद्धालु आकर भंडारा करवाते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि मंदिर में हर कोई भंडारा करवाता है। यहां भी आसानी से हो जाता है, तो ऐसा नहीं है। भंडारा कराने के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करवानी होती है। जिसका स्लॉट मिलना काफी मुश्किल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साल 2025 तक के भंडारे की बुकिंग मंदिर में हो रखी है। भक्तों पर बजरंग बली की नेमत इस कदर बरसती है कि यहां पर भंडारा कभी भी बंद नहीं होता है। वहीं यहां पर लोगों को सालों साल खाना खिलाया जाता है। वहीं अगर आप भी इस मंदिर में दर्शन करने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।



### श्रद्धालुओं का लगता है तांता

कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली धाम मंदिर हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। बजरंग बली के इस पौराणिक मंदिर का स्कंद पुराण में भी जिक्र है। श्री सिद्धबली बाबा के दर्शन के लिए सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेश से भी भक्त यहां आते हैं। भक्त मंदिर में माथा टेककर अपनी मनोकामना मांगते हैं। बाबा अपने भक्तों को कभी भी निराश नहीं करते और मनोकामना पूरी होने के बाद यहां पर लोग भंडारा करवाते हैं।

### एडवांस में होती है बुकिंग

मंदिर समित की ओर से भंडारे के आयोजन के लिए बुकिंग होती है। मंदिर में खासतौर पर रविवार, मंगलवार और शनिवार को भंडारा किया जाता है। वहीं साल 2025 तक रविवार और मंगलवार के भंडारा आयोजन बुक हो चुका है। वहीं साल 2024 तक शनिवार के भंडारे एडवांस बुकिंग हो चुकी है।

## सेहत

### दांत के सड़ने पर हो सकता है कैंसर का खतरा

दांतों में सड़न होने से सिर और गर्दन के पास स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कैविटी के कारण दांत के अंदरूनी हिस्से से होते हुए गर्दन और सिर में गंभीर बीमारी हो सकती है। हालांकि कैविटी की वजह से सीधा कैंसर नहीं होता है। लेकिन इससे जो सूजन और संक्रमण फैलता है, वह धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसलिए आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या दांत सड़ने से कैंसर का खतरा हो सकता है। वहीं जिस कैविटी से पानी बाहर नहीं निकल पाता है, तो वहां पर क्रॉनिक सूजन की वजह से साइटोकाइन रिलीज होता है। इसके आसपास के टिशू में क्षति हो सकती है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीज की वजह से सूजन अधिक बढ़ती है। जिसकी वजह से सेल्स में परिवर्तन होने के साथ दांत सड़ता है। बैक्टीरिया टॉक्सिन, फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियेटम और पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस जैसे बैक्टीरिया भी दांतों में मिलते हैं। इनमें टॉक्सिन सेल्स बढ़ता है और बदलाव भी करता है। इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन भी एक रिस्क फैक्टर है, जोकि आमतौर पर बिना ट्रीटमेंट वाली कैविटी में मिलता है। इसको सिर और गर्दन के कैंसर का भी कारक माना गया है। वहीं खाब ओरल हाइजीन की वजह से तंबाकू और शराब जैसे कैंसरकारी कारकों के संपर्क में आने से भी मुंह में हानिकारक पदार्थों का जमाव हो सकता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग किशोरी को भगाने की प्राथमिकी

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नियत से 16 वषीर्या किशोरी को भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। नाबालिग के पिता ने हुसैनाबाद थाना में संतन कुमार यादव उर्फ छोटू नामक युवक के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। गत 15 मई की दोपहर करीब 2 बजे लड़की जपला बाजार जाने के लिए निकली थी। परंतु घर नहीं लौटी। सभी संभावित स्थानों पर उसे ढूंढने के बाद प्राथमिकी कराई गई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि खोजबीन के क्रम में पता चला कि उनकी पुत्री जपला के एक गांव निवासी संतन कुमार यादव उर्फ छोटू से बात करती थी। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि प्राथमिकी कर अनुसंधान किया जा रहा है।

### ग्रासिम सीएसआर ने किया वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित

**विश्रामपुर :** रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्री लिमिटेड ने शनिवार की शाम में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कर अलग-अलग क्षेत्र के कई वरीय नागरिकों को सम्मानित किया गया। सीएसआर गतिविधि के तहत कंपनी के सुरभि सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने किया। उन्होंने मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली, शिक्षाविद डॉ राजेश्वर पांडेय आदि के साथ कार्यक्रम का उदघाटन किया। हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को उनके अमूल्य योगदानों को साझा करने, वर्तमान बदलते परिवेश में उनका मार्गदर्शन पाने एवं सभी को एक मंच पर लाकर उनके योगदानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ग्रासिम सीएसआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

यह संस्थान और उनके लिए उनके लिए बहुत ही गौरव की बात है कि विभिन्न क्षेत्रों के बहु-आयामी प्रतिभा और समाज में सकारात्मक बदलाव के कारक रहे अनुभवी लोगों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों, प्रेरक प्रसंगों से अवगत होना, मार्गदर्शन प्राप्त करना, नई पीढ़ी के लोगों में सकारात्मक बदलाव लाएगा। ग्रासिम प्रमुख ने बुजुर्गों के प्रति सेवाभाव रखने, बच्चों में अच्छे संस्कार देने, समाज में एक-दूसरे से मिलजुल रहने की अपील की। साथ ही सभी वरिष्ठ व्यक्तित्व को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न भेंट किया। वरिष्ठ नागरिकों ने अनुभवों को साझा किया एवं वर्तमान में सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों में हो रहे ह्रास पर चिंता व्यक्त की। समाजसेवी ब्रजराज चौबे, मनोज शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, उदय दुबे, सेवानिवृत जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि नाथ चौबे, कृष्ण कुमार मिश्रा, मिथिलेश पांडेय, रामचंद्र दीक्षित, मुंशी महतो, गुलाम नबी, तीर्थवासी देवी, माधुरी देवी, पुनीता देवी, तहरुण बीबी, नरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षा पदाधिकारी सत्येंद्र चौबे, समाजसेवी व्यवसायी पारसपति पाल, समाजसेवी अमृत शुक्ला, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बृज किशोर शुक्ला, सेवानिवृत शिक्षक विजयकांत शुक्ला, सुभाष कौशिक, बृजनंदन तिवारी एवं नरेंद्र चौबे, दवा व्यवसायी रामनाथ कश्यप, व्यवसायी विजय शंकर गुप्ता, अरविंद तिवारी आदि को सम्मानित किया गया। संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार एवं सीएसआर अधिकारी अनिल गिरि ने संयुक्तरूप से किया। कार्यक्रम में लाइजनिंग अधिकारी नीतेश पांडेय भी उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र के 20वीं सलाहकार समिति ने किया मंथन

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के चियांकी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में रविवार को 20वीं सलाहकार समिति की बैठक कर आगत खरीफ फसल की कार्य योजना बनाई गई। साथ ही पिछले मानसून सीजन में किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र चियांकी के प्रभारी सह वरीय वैज्ञानिक डॉ सुधीर कुमार झा ने किसानों को बेहतर खेती के लिए तकनीक को अपनाने का सुझाव दिया। डॉ सुधीर कुमार झा ने पिछले साल कृषि विज्ञान केंद्र-चियांकी से पलामू के किसानों के लिए कृषि में विकास के बारे में बताया। किसानों के छह फॉर्म में ट्रायल के परिणाम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पिछली मानसून में किसानों के लिए किए गए कार्य संतोषजनक रहा है। इस वर्ष उससे बेहतर करने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुष्क परियोजना के मुख्य वैज्ञानिक डॉ डीएन सिंह ने किया। उन्होंने पलामू के किसानों को पलामू की जलवायु के अनुसार खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में डॉ मनोज कुमार वर्णवाल, डॉ अरविंद कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के सह निदेशक अखिलेश साह, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ अशोक सिन्हा, डॉ दिलीप कुमार सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

### राज्यपाल को मांग पत्र सौंपने का निर्णय

**मेदिनीनगर :** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की रविवार को हुई बैठक में 11वीं झारखंड लोक सेवा आयोग(जेपीएससी) मुख्य परीक्षा का रिजल्ट शीघ्र जारी करने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने की। निर्णय लिया गया कि 28 मई को प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपेगा। अध्यक्ष ने कहा कि गत वर्ष 22 से 24 जून तक मुख्य परीक्षा हुई थी। परंतु आज तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। बैठक कृष्णा राम, जयपाल मोची, संजय मिस्त्री, संतोष विश्वकर्मा, सतीश दुबे, शिवनारायण साव आदि थे।

### मनातू में मुठभेड़ मामले में 5 नामजद सहित 13 के खिलाफ प्राथमिकी

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के बसकटीया गांव के पास स्थित घने जंगल में शनिवार को पुलिस एवं टीएसपीसी नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ मामले में पांच नामजद सहित आठ उग्रवादियों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। मनातू थाना में पंजीकृत मामले में प्रतिबंध टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर सह 10 लाख के इनामी शशिकांत गंझू, नगीना, गौतम, मुखदेव यादव, शंभु सिंह सहित 13 लोगों को आरोपी बनाया है। मनातू के थानानिर्मल उरां प्रभारी व ने प्राथमिकी कराई है। पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि 15 मई की रात में सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के जोनल कमांडर सह दस लाख रुपये के इनामी शशिकांत एवं उसके दस्ता सदस्य नगीना, गौतम, मुखदेव शम्भू सिंह एवं अन्य 07-08 उग्रवादियों के साथ मनातू थाना के जसपुर गांव के जंगल में कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से जमा हुए है।

इसका सत्यापन के लिए अभियान एसपी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। शनिवार की सुबह करीब 05 बजे सूचना मिली कि प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के उग्रवादी मनातू थाना क्षेत्र के बसकटिया गांव के जंगल में एकत्रित हुए है। अभियान एसपी के नेतृत्व में संबंधित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इसी क्रम में पुलिस टीम को देखकर उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू किया। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी दी। परंतु पुलिस को लक्ष्य कर गोली चलाने के बाद जवाबी कार्रवाई की गई। इससे घबराकर उग्रवादी जंगल की की ओर भाग निकले। बाद में सर्च अभियान चलाया गया जिसमें खाने का सामान, दैनिक उपयोग का समान, एसएलआर का लोडेड एक मैगजीन जिसमें 9 कारतूस, मोबाइल फोन सहित अन्य समान बरामद किया गया। छापेमारी टीम में हुसैनाबाद एसडीपीओ मोहम्मद याकूब, डीएसपी राजेश यादव, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, छत्तरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नावाबाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर अंकित कुमार, रंजीत कुमार, अनीश राज शामिल थे।

# शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों और उनके अभिभावकों को मिलेगा राहत : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला के सदर अस्पताल परिसर में आज उपायुक्त हेमंत सती ने नव-निर्मित डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालीया, अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने केंद्र का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह केंद्र बच्चों में जन्म से लेकर छह साल की उम्र तक होने वाले विकासात्मक विकारों की शीघ्र पहचान और उपचार में मदद करेगा। उन्होंने इसे जिला के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया जो विशेष रूप से शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से जूझ रहे बच्चों और उनके अभिभावकों को राहत देगा।सिविल सर्जन ने कहा कि यह केंद्र आधुनिक उपकरणों से लैस है और इसमें प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम तैनात रहेगी जो बच्चों की स्क्रीनिंग, परामर्श और उपचार सुनिश्चित करेगी।उद्घाटन के मौके पर अस्पताल कर्मियों ने उपायुक्त का स्वागत किया और आश्वस्त किया कि वे पूरी निष्ठा से इस केंद्र की सेवाएं जनता तक पहुँचाएंगे। समाचार लिखे जाने तक कार्यक्रम जारी था।



# साहिबगंज जिला बना कैरम टैलेंट अंडर-19 प्रतियोगिता का चैंपियन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का सफल आयोजन 17 मई को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रांची में किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक अंडर19 आयु वर्ग में साहिबगंज जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया +2 उच्च विद्यालय, कोदरजन्ना, साहिबगंज के छात्र मोहम्मद दानिश और मोहम्मद शमी अख्तर की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्यभर की प्रतिभागी टीमों को पछाड़ते हुए यह गौरव हासिल किया।इस उपलब्धि पर साहिबगंज जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग में हर्ष की लहर दौड़ गई।जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक हर्ष कुमार, एडीपीओ डॉली कुमारी, शबनम तबस्सुम, प्रभारी मुस्तफा कमाल, सोनेलाल मंडल, तोहिद आलम, चंदन कुमार, संजय कुमार, प्रणव शर्मा, परमानंद मंडल, मुसद्दीक हुसैन, बिना कुमारी, खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार, शिक्षक बम बम कुमार, आदित्य कुमार, सोनू कुमार और सत्येंद्र कुमार सहित जिलेवासियों ने विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जीत साहिबगंज जिले के लिए गर्व का क्षण है और निश्चित रूप से अन्य छात्रों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।



## एक सप्ताह के अंदर प्रखंड मे बैठक कर पंचायत स्तर पर चुनाव करा कर प्रदेश को सूचित करे : सत्यनारायण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर के प्रिया होटल मे राष्ट्रीय जनता दल के संगठनात्मक निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादब की अध्यक्षता में बैठक किया गया।बैठक मे राजद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुखदेव विद्रोही और सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी संजय भारद्वाज मुख्य रूप से मौजूद थे।बैठक मे प्रखंड सहायक निर्वाचन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्ति को लेकर चर्चा किया गयाबैठक मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुखदेव विद्रोही ने बताया की प्रदेश राजद के निर्देशनुसार जिला,प्रखंड एवं पंचायत का निर्वाचन के लिए प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी व सहायक निर्वाचन पदाधिकारी साहिबगंज संजय यादव एवं सहायक मुरतुज शेख,बोरियो दिनेश यादवं,बवन यादब,बरहेट मनोवर हुसैन,समाउ कवि, राजमहल लक्ष्मी कान्त मरादार, सद्दाम हुसैन,तालझारी नुखा शेख, प्रकाश कुमार,उधवा प्रशांत कुमार, अशोक मंडल,बरहरवा आयुव हुसैन,मामलेत शेख ,पतना, मनीरुद्दीन शेख,पंचा उराँव मंडरो संजय साहा,बजरंगी दुखे, साहिबगंज नगर विमल यादव जियाउद्दीन अंसारी,राजमहल नगर संजय यादव,नियामुद्दीन अंसारी बरहरवा नगर कमल रजवार,मुंशी हेमब्रम को बनाया गया।वही सभी प्रखंड पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की एक सप्ताह के अंदर प्रखंड मे बैठक कर पंचायत स्तर पर चुनाव करा कर प्रदेश को सूचित करे।बैठक मे राजकिशोर यादव, संजय यादव, मुन्ना यादव, दिनेश यादव, रामावतार सिंह, प्रदीप राय, पंचानन साह,कंचन मंडल, टिंकू साह,अशोक मंडल, प्रशांत कुमार, प्रमोद यादव निजामुद्दीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# हाई टेंशन तार गिरने से चरवाहे और तीन मवेशियों की मौत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहेट :** बरहेट थाना क्षेत्र के गिल्हा गांव के पास रविवार को हाईटेंशन तार के गिरने से तीन मवेशियों व एक चरवाहे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पांचू हेंब्रम 38 नामक एक चरवाहा अपनी भैंसें चरा रहा था।तभी अचानक एक हाई टेंशन तार टूटकर गिर गया। इस हादसे में चरवाहा पांचू हेंब्रम और उसकी तीन भैंसें तार की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई।घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलते ही बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे, एएसआई के. पी. यादव, धनंजय मंडल सहित पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य राजाराम मरांडी ने मृतक के परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को हर संभव उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। स्थानीय प्रशासन ने तत्काल सहायता के रूप में मृतक के पुत्र शिवलाल हेंब्रम को पंद्रह हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की और नियमानुसार आगे भी हर संभव लाभ पहुंचाने की बात कही। ग्राम प्रधान प्रधान मरांडी ने बताया कि मृतक पांचू हेंब्रम मूल रूप से भोगनाडीह गांव का रहने वाला था, लेकिन वह बचपन से ही अपने मामा के घर गिल्हा में रह रहा था। वह अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। घटनास्थल पर बीडीओ अंशु कुमार पांडे, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य राजाराम मरांडी, पंचायत समिति सदस्य रिजाउल रहमान, ग्राम प्रधान प्रधान मरांडी आदि उपस्थित थे।

# झूलते तार से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** उधवा प्रखंड के मध्य पियारपुर पंचायत के मोजिद टोला, वार्ड संख्या 8 के बहियार स्थित खेतों में किसान डर के साए में काम करने को मजबूर हैं। खेत में खड़ी मकई की फसल के ठीक ऊपर, कुछ ही दूरी पर 11 हजार वोल्ट का बिजली तार नीचे लटका हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस झूलते तार से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पिछले साल भी इसी तरह खेत में काम कर रहा एक व्यक्ति बाल-बाल बचा था। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नईम शेख ने बताया कि इस समस्या को लेकर बिजली विभाग को कई बार सूचना दी गई है।लेकिन विभाग की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।वार्ड सदस्य ने बिजली विभाग से तत्काल इस झुके हुए तार को ऊंचा करने की मांग की है, ताकि खेतों में काम करने वाले किसानों की जान सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि मकई की फसल कटने के बाद भी यह खतरा बना रहेगा। इसलिए विभाग को जल्द से जल्द इस पर ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में जेई चंदन कुमार ने बताया कि 11 हजार तार के नीचे लटकने की सूचना उन्हें नही है।यदि तार नीचे लटक रहा है तो उसे जल्द ही ऊंचा किया जाएगा।ताकि जनमानस को कोई हानि न हो।

# टेम्पो पलटने से तीन घायल एक मासूम बच्चे की मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहेट :** सोनाजोरी पुल के पास रविवार शाम को बरहेट से पाकुड़ जा रहा एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक मासूम बच्चे की जान चली गई। घायलों की पहचान छुछी गांव निवासी रुखसाना बीबी 45, सनमनी गांव निवासी गोलिया पहाड़िया 26 और कुसमा गांव निवासी नूरजहां बीबी 65 के रूप में हुई है। वहीं, घायल रुखसाना का 3 वर्षीय पुत्र अमीर अंसारी इस दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. बबलू कुमार ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया और फिर उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर कर दिया। दुर्घटना के संबंध में यह भी चर्चा है कि पीछे से तेज रफ्तार में गुजर रहे एक अज्ञात हाईवा के संपर्क में आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया।उधर घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार और अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।



# साहिबगंज मंडल कारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा के निर्देश पर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को साहेबगंज मंडल कारा में जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर- सह- स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकार के प्रभारी सचिव -सह- मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिन्धु नाथ लामाये ने की। उन्होंने बंदियों को विधिक जानकारी देते हुए कहा कि किसी कारणवश आपलोग आज जेल में हैं।लेकिन अपने जीवन में सुधार लाकर समाज और देश के साथ मिलकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। जेल परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर भारती के नेतृत्व में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल- न्याय रक्षक अरविन्द गोयल व उनकी टीम ने वैसे बंदियों की पहचान की जिनका अभी तक जमानत या अपील फाइल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा संस्थाओं का उद्देश्य न्याय को हर व्यक्ति तक विशेषकर वंचित और हाशिए पर रहने वाले लोगों तक पहुंचाना है।महिला बंदियों की विधिक सहायता संबंधी आवश्यकताओं पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया गया और सचिव द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर मंडल कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन, जेलर मनोज मुर्मू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# अब भारतीय सेना का 'ऑपरेशन सिंदूर' बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगा। देशभक्ति मिशन पर आधारित एक फिल्म की घोषणा की गई है, जिसका निर्माण निक्की विक्की भगनानी फिल्म्स और द कंटेंट इंजीनियर कर रहे हैं। प्रोडक्शन हाउस का दावा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' शीर्षक कानूनी रूप से उनके नाम पर पंजीकृत है। हाल ही में इस फिल्म का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी किया गया, जिसने दर्शकों में उत्सुकता और जोश भर दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' का निर्देशन उत्तम और नितिन की जोड़ी संयुक्त रूप से करेंगे। फिलहाल फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया जारी है और इसमें कुछ बेहद खास किरदारों को भी शामिल किया जाएगा, जिनमें वास्तविक जीवन की वीर अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका की भूमिकाएं भी प्रमुख हैं। इस फिल्म का बजट लगभग 50 करोड़ रुपये तय किया गया है।

खास बात यह है कि इसके निर्माताओं ने ऐलान किया है कि फिल्म से होने वाली कुल आय का 50 फीसदी हिस्सा भारतीय सेना और पहलगाम हमले में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को समर्पित किया जाएगा।

फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' न केवल हिंदी बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी रिलीज की जाएगी, जिससे यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक भी पहुंच सके। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए गहन शोध किया जाएगा और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों, रक्षा मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री कार्यालय से मार्गदर्शन लेने की योजना भी है, ताकि फिल्म की प्रामाणिकता और संवेदनशीलता बनी रहे। हालांकि, फिल्म की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने निर्माताओं की नीयत पर सवाल उठाए, लेकिन निर्देशक ने सामने आकर साफ किया कि इस फिल्म का मकसद सिर्फ और सिर्फ देशभक्ति की भावना को उजागर करना और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है।





## मिथुन चक्रवर्ती को मुंबई नगर निगम का नोटिस

दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या बयान नहीं, बल्कि अवैध निर्माण को लेकर उनका नाम सामने आया है। दरअसल, मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मिथुन को एक 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। यह नोटिस मलाड के एरंगल गांव में स्थित एक प्लॉट पर अनधिकृत निर्माण कार्य के मामले में भेजा गया है। बीएमसी ने उनसे इस निर्माण कार्य को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है और जवाब देने को कहा है कि आखिर यह निर्माण कैसे और किस अनुमति के तहत किया गया। बीएमसी के कुछ अधिकारी मलाड के एरंगल गांव स्थित प्लॉट पर कथित अवैध निर्माण की जांच करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को नोटिस जारी किया गया। बीएमसी ने 7 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा। अगर मिथुन उचित कारण बताने में असमर्थ रहते हैं, तो बिना अनुमति के किए गए निर्माण को गिरा दिया जाएगा और इसके साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इस नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, ₹हमने ऐसा कोई अवैध निर्माण नहीं कराया है। कई लोगों को नोटिस भेजे गए हैं और हम भी अपना जवाब भेज रहे हैं।₹ वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता नदीम शेख ने सवाल उठाया है कि जब हाल ही में 24 अवैध ढांचे तोड़े गए, तो उस समय मिथुन चक्रवर्ती के निर्माण पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? गौरतलब है कि साल 2011 में भी बीएमसी ने मिथुन को इसी तरह का नोटिस जारी किया था, जिसे लेकर उस समय भी विवाद हुआ था। बीएमसी का कहना है कि मुंबई के मलाड स्थित एरंगल गांव में बिना अनुमति के निर्माण किया गया है। आरोप है कि वहां ग्राउंड-प्लस-मेजनाइन फ्लोर वाले दो स्ट्रक्चर, एक ग्राउंड फ्लोर का ढांचा, और तीन अस्थायी 10x10 यूनिट्स तैयार की गई हैं। इन निर्माणों में ईंट, लकड़ी की पट्टियां, कांच की दीवारें और एसी शीट्स की छतें लगाई गई हैं, जो निर्माण नियमों का उल्लंघन मानी जा रही हैं। बीएमसी ने स्पष्ट किया है कि मई के अंत तक एरंगल और आसपास के क्षेत्रों में कुल 101 अवैध ढांचों को गिराया जाएगा।

## कंगना रनौत को मिला हॉलीवुड फिल्म का ऑफर



प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण की तरह अब कंगना रनौत भी हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। बॉलीवुड में अपनी दमदार अदाकारी से पहचान बनाने के बाद कंगना को हॉलीवुड से ऑफर मिला है। खबर है कि उन्हें एक जबरदस्त साइकोलॉजिकल हॉरर ड्रामा फिल्म ऑफर हुई है, जिसे लेकर वे काफी चर्चा है। कंगना काफी समय से हॉलीवुड प्रोजेक्ट का इंतजार कर रही थीं, लेकिन वह किसी साधारण स्क्रिप्ट से समझौता नहीं करना चाहती थीं। अब जाकर उन्हें एक ऐसी फिल्म मिली है, जो न केवल उनकी प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर दिखाने का मौका देगी, बल्कि दर्शकों को भी चौंकाएगी।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंगना रनौत जल्द ही हॉलीवुड की साइकोलॉजिकल हॉरर ड्रामा फिल्म 'ब्लेस्ड बी द एविल' में नजर आएंगी। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की धमाकेदार शुरुआत मानी जा रही है। इस फिल्म में कंगना के साथ हॉलीवुड अभिनेता टायलर पोसी और सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगी। 'ब्लेस्ड बी द एविल' का निर्देशन अनुराग रुद्र कर रहे हैं और इसकी शूटिंग इस गर्मी में न्यूयॉर्क में शुरू होने वाली है। कंगना के फैंस के लिए यह खबर किसी सरप्राइज से कम नहीं है, क्योंकि लंबे समय से वह हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में थीं। आने वाली फिल्म 'ब्लेस्ड बी द एविल' की कहानी एक ईसाई शादीशुदा जोड़े के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो गर्भपात के दर्द से गुजर रहा है। अपने दुखद अतीत को पीछे छोड़कर वे एक नई शुरुआत की तलाश में हैं। इस सिलसिले में वे एक पुराने और सुनसान पड़े खेत को खरीदते हैं, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं होता कि यह जगह अतीत के खौफनाक रहस्यों से भरी हुई है। वहां पहुंचने के बाद उनका सामना एक खतरनाक और दुष्ट शक्ति से होता है, जो उनकी मानसिक और भावनात्मक परीक्षा लेने लगती है। निर्देशक अनुराग रुद्र को पूरा विश्वास है कि यह कहानी, जो उनके दिल को छू गई, वही असर दर्शकों पर भी छोड़ेगी, एक ऐसी यात्रा, जो डर के साथ-साथ गहरे भावनात्मक जुड़ाव की भी पेशकश करेगी।

## खतरों से खेलने चले अजय देवगन रणबीर कपूर-यश से होने वाली है भयंकर टक्कर

**अजय** देवगन के खाते में इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं. यहां वो 'रेड 2' से बड़ा खेल कर चुके हैं. वहीं दूसरी ओर उनकी एक और फिल्म की रिलीज डेट पर अपडेट मिल गया है. 'धमाल 4' को 2026 ईद पर लाने की प्लानिंग की जा रही है. इसी बीच पता लगा कि अजय देवगन बड़े खतरे से खेल रहे हैं. क्योंकि उसी वक्त रणबीर कपूर और यश की भी टक्कर होने वाली है. अब अजय देवगन का क्या होगा?

अजय देवगन इस वक्त खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं, वजह है उनकी RAID 2. इस फिल्म ने 5 दिनों में ही बजट निकाल लिया था. साथ ही हिट लिस्ट में शामिल हो गई. फिलहाल वो अपनी अपकमिंग फिल्म की तैयारियों में लगे हुए हैं. इस साल उनकी और भी फिल्में आने वाली हैं. इसी बीच DHAMAAL 4 पर अपडेट आया कि फिल्म की शूटिंग जल्द पूरी कर ली जाएगी. इस फ्रैंचाइजी के चौथे इंस्टॉलमेंट को भी काफी प्यार मिल रहा है. हाल ही में खबर आई कि फिल्म को ईद 2026 में लाया जाएगा. इसी के साथ बहुत बड़ा क्लैश होने वाला है. इंद्र कुमार की 'धमाल 4' की शूटिंग फिलहाल मुंबई में चल रही है. इस कॉमेडी सीरीज के अहम सीक्वेंस का शूट कुछ वक्त पहले पूरे किए गए हैं. जिसके लिए उनके कुछ को-स्टार तैयार नहीं थे और काफी डर रहे थे. लेकिन अजय देवगन ने सबकुछ संभाल लिया और उनकी काफी मदद की है.



### रणबीर-यश के बीच फंस न जाए अजय

संजय लीला भंसाली ने सबसे पहले अपनी फिल्म LOVE AND WAR को ईद 2026 में लाने का ऐलान किया था. रणबीर कपूर, विकी कौशल और आलिया भट्ट की फिल्म के लिए फैन्स काफी एक्साइटेड हैं. फिलहाल पिक्चर का शूट चल रहा है. जहां यह रणबीर कपूर की एनिमल के बाद अगली फिल्म होगी, तो विकी कौशल की 'छावा' भी ब्लॉकबस्टर रही है. 20 मार्च को फिल्म आएगी. अब इसके साथ दो और फिल्में आ रही हैं. दरअसल 19 मार्च को यश की TOXIC आ रही है. KGF 2 के बाद अब यश की यह फिल्म आएगी. जिसके लिए यश काफी फोकस कर रहे हैं. इस पिक्चर को गीतू मोहनदास बना रही हैं, जिसमें कियारा आडवाणी दिखने वाली हैं. फिल्म की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसकी काफी तारीफ की गई थी. अब इन दोनों फिल्मों के साथ अजय देवगन की 'धमाल 4' को लाने की खबरें हैं.

### अब भी बच सकते हैं अजय देवगन

अजय देवगन की 'धमाल 4' की रिलीज डेट का अबतक ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है. अगर अजय देवगन दोनों स्टार्स के सामने आते हैं, तो उन्हें ही नुकसान झेलना पड़ेगा. एक हफ्ते में तीन बड़ी फिल्मों को लाने का तीनों ही स्टार्स को नुकसान होगा. पर खास बात यह है कि तीनों ही फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं, तो उम्मीद है कि अजय देवगन की पिक्चर अच्छा परफॉर्म कर ले. फिलहाल तो देखना होगा कि फिल्म की रिलीज को लेकर कोई बदलाव होता है या नहीं.

## फुटबॉल : महिला टीम की खिलाड़ियों से मिले पुरुष टीम के कप्तान सुनील छेत्री, किया प्रेरित

एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के बेंगलुरु स्थित शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अगले महीने होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए तैयारी कर रहीं महिला टीम की खिलाड़ियों से बात की और उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान खिलाड़ियों की ओर से सुनील छेत्री को टीम के सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक जर्सी भी भेंट की गई। सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम वर्तमान में बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही है। टीम 29 मई और 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच भी खेलेगी। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने रविवार को बताया कि यह पहली बार नहीं था कि छेत्री



महिला टीम के खिलाड़ियों से मिलने आए, लेकिन उन्होंने शिविर में कई नए चेहरों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। छेत्री ने कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था। पिछली बार जब मैं इस टीम से मिला था, तब से अब बहुत ज़्यादा पुराने चेहरे नहीं बचे हैं, जो बताता है कि मैं कितना बूढ़ा हो गया हूं। बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं और मुझे उनके बारे में मुख्य कोच से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

उन्होंने कहा कि हर कोई खुश नजर आ रहा था। उन्हें उज्बेकिस्तान के खिलाफ कुछ अच्छे दोस्ताना मैच खेलने हैं और फिर एशियाई कप क्वालीफायर्स खेलने हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि वे खुश रहें, एक-दूसरे के साथ सहज महसूस करें और अपनी ट्रेनिंग का आनंद लें। ग्रुप बी में शामिल भारतीय महिला टीम अपना एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफाइंग अभियान 23 जून को थाईलैंड के चियांग माई में मंगोलिया के खिलाफ शुरू करेगी, जिसके बाद वो तिमोर-लेस्ते (29 जून), इराक (2 जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (5 जुलाई) से खेलेंगे।

## मेघालय में अंतर-जिला स्थानांतरण प्रक्रिया की अंतिम तिथि 24 मई तक, राज्य फुटबॉल संघ ने की घोषणा

एजेंसी


**शिलांग :** मेघालय फुटबॉल एसोसिएशन ने राज्य में फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए अंतर-जिला स्थानांतरण 2025 की समय सीमा 24 मई तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। एक बयान में, मेघालय फुटबॉल एसोसिएशन (एमएफए) के अध्यक्ष हैमिल्टनसन डोहलिंग और महासचिव सुनेश सीएम ने कहा कि एमएफए ने खिलाड़ियों के स्थानांतरण को पूरा करने के लिए पूर्ण स्थानांतरण फॉर्म जमा करने और रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने की अंतिम तिथि 17 मई तय की थी। लेकिन, एमएफए अधिकारियों ने खिलाड़ियों और क्लबों की सुविधा के लिए समय सीमा को एक सप्ताह बढ़ाने का निर्णय लिया है।

बयान में कहा गया है कि गुलाबी रंग के फॉर्म संबंधित खिलाड़ी की तस्वीर के साथ एमएफए कार्यालय में जमा किए जाने चाहिए, सफेद फॉर्म जिला संघ द्वारा रखे जाएंगे और पीले फॉर्म क्लब द्वारा रखे जाएंगे। बयान में कहा गया है कि संबंधित खिलाड़ी की फोटो के बिना कोई भी फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। बताया कि स्थानांतरण को पूरा करने के लिए खिलाड़ियों को एमएफए कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना होगा और उस समय एक हजार रुपये का स्थानांतरण शुल्क जमा करना होगा। यह प्रक्रिया 24 मई तक रविवार को छोड़कर सभी कार्य दिवसों पर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। हस्ताक्षर होने के बाद, स्थानांतरण को अंतिम रूप दिया जाएगा और एमएफए अधिकारी सभी संबद्ध जिला संघों को खिलाड़ियों के स्थानांतरण की अंतिम सूची प्रकाशित करेंगे

# हिमाचल प्रदेश के चंबा में भूकंप के झटके

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार सुबह 10 बजकर 44 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र जिले में 32.71.डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.37 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित रहा। इसकी गहराई जमीन से पांच किलोमीटर नीचे रही। हालांकि भूकंप के झटके महसूस किए गए लेकिन कहीं से भी किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण चंबा और आसपास के क्षेत्रों में नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। उल्लेखनीय है कि चंबा जिला पिछले कुछ वर्षों से भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील रहा है। इससे पहले भी यहां कई बार कम तीव्रता के भूकंप दर्ज किए जा चुके हैं। लेकिन इन झटकों से कभी भी बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि लगातार हो रहे झटकों ने स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ा दी है। हिमाचल प्रदेश भूकंप की दृष्टि से देश के अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल है। राज्य के कई हिस्से भूकंपीय जोन-4 और जोन-5 में आते हैं। जहां भूकंप आने की संभावना ज्यादा रहती है। प्रदेश में अक्सर हल्के भूकंप दर्ज किए जाते हैं। इतिहास गवाह है कि हिमाचल में भूकंप कितना विनाशकारी हो सकता है। वर्ष 1905 में कांगड़ा और चंबा जिलों में आए जबरदस्त भूकंप में 10 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रदेश को भविष्य में बड़े भूकंप की आशंका को देखते हुए तैयारी रखनी चाहिए।




## प्रदेश में आज से बारिश, तूफान व बिजली गिरने का अलर्ट

वहीं हिमाचल प्रदेश में सोमवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य के कुछ हिस्सों में सुबह के समय बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज से 25 मई तक मौसम के खराब रहने की संभावना जताई है। विभाग ने खास तौर पर 19, 20, 24 और 25 मई को अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आज यानी 19 मई को प्रदेश के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज के साथ बिजली गिरने की आशंका है। यह स्थिति 20 मई को भी बनी रहेगी। जबकि 21 से 23 मई तक मौसम कुछ हद तक सामान्य रहने के आसार हैं। 24 और 25 मई को फिर से गरज-चमक के साथ बारिश और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान मंडी, जोट, कुकुमसेरी, कांगड़ा, भरमौर, पंडोह, करसोग, रामपुर सहित कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। वहीं कांगड़ा और जोट में ओलावृष्टि भी हुई। किन्नौर के रिकांगपिओ में सबसे तेज 54 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि हमीरपुर-नेरी, ताबो, बिलासपुर, सुंदरनगर और कुफरी में 40 से 52 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं दर्ज की गईं।

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने लखनऊ के कई वार्डों का किया निरीक्षण



**लखनऊ :** लखनऊ के प्रभारी मंत्री व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को लखनऊ नगर निगम के कई वार्डों का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने आलमबाग, अमौसी, नटखेड़ा सहित कई इलाकों में साफ-सफाई का जायजा लिया। कई स्थानों पर सड़क के किनारे गंदगी व नाली चोक मिली। मंत्री सुरेश खन्ना ने अफसरों को तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने बड़े मंगल के मद्देनजर लखनऊ शहर के कई इलाकों का निरीक्षण किया है। मंत्री के साथ स्वच्छता समिति के सुनील मिश्रा व लखनऊ नगर निगम के अधिकारी भी साथ रहे।

# छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के लिए प्रदेश के सभी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर बस्तर, अंबिकापुर सहित कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई है। हवा की रफ्तार 40-50 किमी प्रति घंटे हो सकती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से पिछले कुछ दिनों से प्रदेश का तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक कम है। रविवार को 38.6 डिग्री के साथ दुर्ग सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक टर्फ की एक्टिविटी के कारण प्रदेश में बादल, बारिश और आंधी की स्थिति बन रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान कहीं-कहीं पर तेज बारिश होगी। गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। कुछ जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तेज हवा भी चल सकती है। इसका असर रायपुर में भी दिखेगा। रायपुर में रविवार सुबह तेज बारिश के कारण पूरे दिन मौसम ठण्डा रहा। दिन का तापमान 37 डिग्री रहा जो सामान्य से करीब पांच डिग्री तक नीचे चला गया। शाम को भी मौसम ठंडा रहा। इससे गर्मी से थोड़ी राहत रही। वहीं दुर्ग जिले में रविवार को अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री रहा जो प्रदेश में सबसे अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से करीब चार डिग्री कम था।

# दक्षिण बंगाल में गरमी से राहत जारी रहेगा आंधी-बारिश का दौर

एजेंसी



**कोलकाता :** कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के अधिकांश जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक गिरावट की संभावना जताई है। सोमवार और मंगलवार को कोलकाता समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस बीच, उत्तर बंगाल के कई जिलों में अति भारी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में आगामी दिनों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना है। सोमवार और मंगलवार को कोलकाता, हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा और बीरभूम में 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इन जिलों के लिए विशेष सतर्कता जारी की गई है। इसके अलावा उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व व पश्चिम बर्दवान, मुर्शिदाबाद और नदिया जिलों में गुरुवार तक आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर में मंगलवार को अति भारी बारिश होने की आशंका है। इन जिलों में 12 से 20 सेंटीमीटर तक वर्षा हो सकती है। साथ ही, 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। दार्जिलिंग सहित अन्य जिलों में भी छिटपुट बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी तीन दिनों में उत्तर और दक्षिण दोनों बंगाल के जिलों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है। उसके बाद तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। शनिवार को कोलकाता का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस था, जबकि रविवार को यह पांच डिग्री गिरकर 31.9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो सामान्य से करीब चार डिग्री कम है। सोमवार को शहर का न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बांग्लादेश से भारत में घुसे तीन घुसपैठिए गिरफ्तार

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे नदिया जिले में शनिवार देर रात तीन अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। सभी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रूपा बेगम, मुहम्मद आलम और मनीरा शेख के रूप में हुई है। तीनों मूल रूप से बांग्लादेश के झेनाइदह क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन लोगों ने लगभग चार महीने पहले एक स्थानीय एजेंट की मदद से अंतरराष्ट्रीय सीमा को अवैध रूप से पार कर भारत में प्रवेश किया था। एजेंट ने उन्हें फर्जी भारतीय पहचान पत्र भी उपलब्ध कराए थे।

भारत में घुसने के बाद ये लोग दूसरे राज्य में चले गए और छोटे-मोटे काम कर जीवनयापन करने लगे। लेकिन हाल के महीनों में विभिन्न राज्यों में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियानों के चलते इन्होंने वापस अपने देश लौटने का निर्णय लिया। रात के समय जब ये लोग फिर से धांतला अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप स्थित एक गांव पहुंचे, जहां से इन्होंने पहले भारत में प्रवेश किया था, तभी स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। नदिया जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ समय से सीमा से लगे कई गांवों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की गिरफ्तारियां हुई हैं। लेकिन हाल के दिनों में ज्यादातर वही पकड़े जा रहे हैं जो भारत में कुछ समय बिताने के बाद अपने देश लौटने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने इस कार्रवाई को सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की दिशा में उठाया गया कदम बताया है। पुलिस अब इस मामले में शामिल स्थानीय एजेंट की तलाश में जुटी है जिसने इन घुसपैठियों की मदद की थी।

## मप्रः मुख्यमंत्री आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा



**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (सोमवार को) वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में जल संरक्षण के उद्देश्य से चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करेंगे। जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियान से जुड़े अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल होने के लिए कहा गया है।जनसम्पर्क अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि बैठक दोपहर 2 बजे आरंभ होगी। बैठक में कमिश्नर कार्यालय से सभी संभागों के कमिश्नर और कलेक्टर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग केन्द्र से कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

## बांदीपोरा के सुंबल के मुख्य बाजार में लगी भीषण आग, 12 दुकानें और चार रिहायशी घर जलकर राख



एजेंसी

**बांदीपोरा :** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सुंबल के मुख्य बाजार में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को भीषण आग लग गई जिसमें कम से कम 12 दुकानें और चार रिहायशी घर जलकर राख हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने के तुरंत बाद सुंबल और नैदखाई की दमकल गाड़ियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने के लिए संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया। त्वरित प्रयासों के बावजूद आग तेजी से फैलती गई जिसके कारण सफापोरा और बटविना दमकल स्टेशनों से अतिरिक्त बल को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। इस आग में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। जलकर खाक हुए घर बशीर अहमद वानी पुत्र मोहम्मद सुल्तान, अब्दुल हमीद वानी, अब्दुल हमीद खांडे और नजीर अहमद खांडे के थे, सभी सुंबल के निवासी हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अज्ञात है। इस आग की घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है। इस बीच व्यापार संघ सुंबल के अध्यक्ष नजीर अहमद रेशी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और प्रभावित परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने बांदीपोरा जिला प्रशासन से पीड़ितों को तत्काल राहत और मुआवजा प्रदान करने का आग्रह किया।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी का भी बढ़ा भाव

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज सोने के भाव में 350 रुपये से लेकर 380 रुपये तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,550 रुपये से लेकर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# न्यूज IN बिजनेस

## ठियोग में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**शिमला :** ठियोग उपमंडल के बलग क्षेत्र में सोमवार सुबह एक पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा पिकअप (नंबर HP 75-0451) के अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने के कारण हुआ। वाहन में तीन लोग सवार थे जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की पहचान सूरज (24), गौरव (25) और रितिका (18) के रूप में हुई है। सभी घायलों को उपचार के लिए तुरंत सिविल अस्पताल ठियोग पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है और वे तेजी से स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन बलग के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। सौभाग्यवश हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। तीनों घायल स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं। ठियोग पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की भेंट

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी से लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मोहम्मद शमी से भेंट के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने व्यक्तिगत एक्स हैंडल से फोटो साझा कर खेल प्रेमियों एवं अपने फालोअर्स को जानकारी दी। प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी प्रोडक्ट एवं फूलों का गुलदस्ता सप्रेम भेंट दिया। वहीं मोहम्मद शमी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से धन्यवाद देते हुए आनंदित मुलाकात पर प्रसन्नता जाहिर की।

## प्रयागराज में अम्बेडकर नगर के युवक की हत्या

**प्रयागराज :** करेली थाना क्षेत्र के करैलाबाग में ससुर खदेरी नदी के समीप एक युवक की हत्या कर दी गई। सोमवार को सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि अम्बेडकर नगर के रहने वाले पुनीत प्रजापति 25 वर्ष की अज्ञात अपराधियों ने करेली के करेलाबाग ससुर खदेरी नदी के पास हत्या कर दी। सोमवार को सूचना पर पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर हत्या से संबंधित साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम पहुंची है। इस संबंध में परिवार से तहरीर लेकर तत्काल मुकदमा दर्ज कर अपराधियों की तलाश की जा रही है।

## रक्सौल में अवैध तरीके से रह रहे दक्षिण कोरियाई नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के भारत-नेपाल सीमा की रक्सौल पुलिस और इमिग्रेशन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार की देर रात एक दक्षिण कोरियाई नागरिक को रक्सौल के माई स्थान मौजे स्थित होटल धर्ममुक्ति से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कोरियाई नागरिक की पहचान किम यंग डे के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि होटल धर्ममुक्ति में एक विदेशी नागरिक ठहरा है, जो अवैध रूप से भारत से नेपाल जाने की कोशिश कर रहा है। तत्पश्चात् पुलिस और इमिग्रेशन अधिकारियों की टीम ने छापेमारी कर उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला कि किम यंग डे भारत में एम्प्लॉयमेंट वीजा पर आया था, जिसकी वैधता 19 जनवरी 2018 तक थी। इसे बढ़ाकर 19 जनवरी 2019 और फिर जनवरी 2021 तक किया गया था, परंतु इसके बाद वह बिना वैध दस्तावेज के भारत में रह रहा था। उसने वीजा विस्तार से संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराया। किम ने बताया कि वह पहले तमिलनाडु के मंचीपुरम स्थित के एंड के कॉनटेक्ट इंजीनियरिंग कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर पर कार्यरत था। वहीं उसकी मुलाकात फेसबुक पर मणिपुर निवासी जेरोशा नामक युवती से हुई। दोनों 2019 से लिव-इन रिलेशन में हैं और 27 फरवरी 2023 को उनकी एक बेटी किम सारंग सेविभिषा का जन्म हुआ। हालांकि दोनों ने अबतक कानूनी रूप से विवाह नहीं किया है। भारतीय वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद वह भारत छोड़ना नहीं चाहता था। जब उसने वीजा विस्तार के लिए एक दलाल से संपर्क किया, तो वह भारी रकम की मांग की। नतीजतन उसने एक कोरियाई मित्र से जानकारी लेकर रक्सौल के रास्ते नेपाल में अवैध प्रवेश की योजना बनाई। वह 17 मई को लमडींग से बरौनी जंक्शन पहुंचा और फिर टैक्सी से रक्सौल पहुंचकर नेपाल में प्रवेश करने की योजना में होटल में ठहरा था।

## मप्र में शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए आज से लगेंगे शिविर

**भोपाल :** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में संभाग और जिला स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए आज (19 मई) से शिविर लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये हैं। जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बताया कि शिविर में क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतन वृद्धि, सेवा अभिलेखों के अपडेटेशन पर विशेष कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही आगामी तीन वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा से पूर्व वसूली का निर्धारण किया जायेगा। शिविर में पेंशन और अन्य लम्बित स्वतत्वों का निराकरण, अन्य लम्बित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जायेगा। जिला और संभागीय कार्यालयों को 30 मई तक समय-सारणी का निर्धारण संबंधित संयुक्त संचालक के मार्गदर्शन में किये जाने के लिये कहा गया है। समय-सारणी की सूचना लोक शिक्षण संचालनालय को दिये जाने के लिये कहा गया है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस से होगी समीक्षा

शिविरों में होने वाली प्रतिदिन की कार्यवाही की तीन जून तक प्रति कार्य-दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भोपाल से समीक्षा की जायेगी। प्रकरणों पर निराकरण नहीं होने पर लम्बित आवेदन और न्यायालयीन प्रकरण निर्मित होने पर संबंधित संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होंगे। लम्बित प्रकरणों के संबंध में आवेदक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और संयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## खरगोन: सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए आज प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन

**खरगोन :** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चेकमेट सर्विस प्रायवेट लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए आज (सोमवार को) प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय खरगोन में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी प्रीतिबाला सस्ते ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए आवेदक की शैक्षणीक योग्यता न्यूनतम 10 वीं उत्तीर्ण तथा 20 से 35 वर्ष होना चाहिए। ऊंचाई न्यूनतम 5 फीट 06 इंच होना अनिवार्य है। सिक्योरिटी गार्ड पद पर चयनित युवाओं को प्रतिमाह 21 हजार 188 सैलरी दी जाएगी। साथ ही पीएफ एण्ड ईएसआई, निःशुल्क रहने की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट ड्राईव में युवाओं को अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य), आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छाया प्रतियां तथा 04 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं।

न्यूज ब्रीफ

## पुलिस ने तीन दिन से लापता 14 वर्षीय हेनेमा कुमारी का शव किया बरामद

गुमला : गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के हेदमी गांव के एक कुएं से घाघरा पुलिस ने विगत तीन दिन से घर लापता एक 14 वर्षीय हेनेमा कुमारी का शव शनिवार की देर शाम बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता धनेश्वर दास गोस्वामी ने बताया कि मेरी लड़की विगत तीन दिन से घर से गायब थी , हम सभी परिवार काम करने गए हुए थे , इस बीच मेरी बेटी कहीं चली गई , हम सभी परिवार उसे अपने स्तर से उसको खोजने का प्रयास किये परंतु उसका कहीं कोई अता पता नहीं चला , शनिवार को इसी क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर स्थित एक कुआं में किसी बच्ची का शव देखा गया है हम सभी परिवार और परिजन उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर देखें तो वह मेरी बेटी का ही शव था, बाद में इसकी सूचना घाघरा थाना पुलिस को दी गई , घाघरा थाना पुलिस ने उक्त सूचना मिलते ही , अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुंआ से निकलकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, इस संबंध में घाघरा थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने बताया कि पोस्टपार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है।

## अनुमंडल अस्पताल परिसर के शिव मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना



आज सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ शिव शंभू की अनुमंडल अस्पताल परिसर में अवस्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त जनों और श्रद्धालुओं उपस्थित होकर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और जमकर जय जय कारा लगाया आज प्रातः काल सेही भक्त जनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और उन्होंने भोलेनाथ की पूजा अर्चना की इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के प्रमुख धनंजय महतो ने बताया कि यूं तो प्रतिदिन भोलेनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है किंतु सोमवार को काफी संख्या में लोग और श्रद्धालु गण उपस्थित होकर भोले शंकर की पूजा करते हैं विदित होकर कुछ वर्ष पूर्व भोले शंकर की स्थापित इस मंदिर में भाग जनों की उपस्थिति देखते ही बनती है।

## अपराध की साजिश रच रहे दो युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

जमशेदपुर। कदमा पुलिस ने अपराध की साजिश रच रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान अंकुर सिंह और उदयभान सिंह के रूप में हुई है। अंकुर सोनारी के ग्वाला बस्ती का निवासी है, जबकि उदयभान सीतारामडेरा के न्यू बाराद्वारी इलाके का रहने वाला है।सोमवार को एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कदमा स्थित एलआईसी ग्राउंड के पास दो युवक किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी कर दोनों को मौके से धर दबोचा। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अंकुर सिंह के खिलाफ सोनारी थाने में टिंकू साहू हत्याकांड का मामला दर्ज है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के पूर्वी सिंहभूम प्रभारी बनाए गए बोड़ाम के सदानंद महतो

पटमदाः विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू करने हेतु सदानंद महतो को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू द्वारा पूर्वी सिंहभूम का प्रभारी मनोनीत किया गया है।प्रभारी मनोनीत किए जाने पर सदानंद महतो ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इतने बड़े प्रोजेक्ट हेतु मुझे पूर्वी सिंहभूम का दायित्व सौंपे जाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय , प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई , प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह , जमशेदपुर के सांसद बड़े भाई बिद्युत बरण महतो सहित प्रदेश के सभी नेताओं के प्रति आभार जताया है।

इस संबंध में सदानंद महतो ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास से इतनी बड़ी जिम्मेदारी मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता पर सौंपी है, उस उम्मीद पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास मेरे द्वारा किया जाएगा। जल्द ही इसके लिए बैठकों का दौर शुरू किया जाएगा।

## जुगसलाई में रुकने से लेट हो गई धनबाद टाटानगर एक्सप्रेस

**जमशेदपुर :** धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस शायद कभी समय से टाटानगर आती है क्योंकि ट्रेन को बेवजह जुगसलाई में रंग कारखाना गेट के पास रोक दिया जाता है। इससे यात्रियों को परेशानी होती है जबकि जुगसलाई और बागबेड़ा के निवासी खुद को खतरे में डालकर लाइन पर ट्रेन से उतरते हैं। बताया जाता है कि ट्रेनों को समय से चलाने का आदेश कई बार रेलवे जोन और बोर्ड से आता है लेकिन मालगाड़ियों के चक्कर में रेलकर्मी यात्री ट्रेनों को रोक देते हैं।

## ट्रेन पर चढ़ने के दौरान महिला की मोबाइल चोरी

**जमशेदपुर :** बक्सर टाटानगर एक्सप्रेस पर चढ़ने के दौरान जमुई निवासी महिला की बैग समेत दो मोबाइल चोरी हो गई। घटना शनिवार को जसीडीह स्टेशन की है। ट्रेन से उतरकर महिला के पति नीरज कुमार पांडेय ने टाटानगर रेल थाना में अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया है। इधर, यात्री का अभियान दर्ज करो टाटानगर रेल पुलिस ने कार्रवाई के लिए धनबाद मंडल के जीआरपी में भेज दिया।

## एचआईवी पर नियंत्रण के लिए स्टेशन पर लगा जांच शिविर

**जमशेदपुर :** यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और एचआईवी नियंत्रण के लिए सोमवार को नेशनल ऐड्स कंट्रोल ऑगेनाइजेशन प्लान इंडिया वन स्टॉप प्लान इंडिया के वालंटियर ने टाटानगर स्टेशन पर जांच शिविर लगाया। शिविर का आयोजन डॉ. एसएन कुशवाहा और पदाधिकारी कंचन कुमार के नेतृत्व में हुआ। कंचन कुमार ने बताया कि, नेशनल एड्स कंट्रोल ऑगेनाइजेशन झारखंड की पहल पर यात्रियों की ब्लड प्रेशर शुगर के साथ एचआईवी की जांच हुई है।

### गुमला स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन

# अधिकारियों, पत्रकारों एवं खिलाड़ियों ने साझा की गुमला की स्मृतियां

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले की स्थापना की 42 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज जिला मुख्यालय में एक गरिमामय एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले की गौरवगाथा को समर्पित इस आयोजन में वर्तमान प्रशासनिक नेतृत्व के साथ-साथ गुमला में अतीत में कार्यरत रहे अधिकारी, पत्रकार, खिलाड़ी एवं समाजसेवी एकत्र हुए और जिले की यात्रा, चुनौतियों एवं उपलब्धियों को स्मरण किया।

श्रद्धांजलि से आरंभ हुई स्थापना दिवस की सुबह

प्रातः सर्वप्रथम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो एवं अन्य वरीय अधिकारियों ने इनडोर स्टेडियम गुमला में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत विकास भवन परिसर स्थित शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा, अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा, और बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा सहित अन्य शहीद स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

गुमला रिवाइंड इतिहास की झलकियों का उद्घाटन



मुख्य कार्यक्रम से पूर्व समाहरणालय सभागार के समीप ह्यगुमला रिवाइंडह्न नामक भव्य फोटो गैलरी का उद्घाटन किया गया, जिसमें गुमला के इतिहास, विभिन्न प्रशासनिक घटनाओं, विशिष्ट आगंतुकों की यात्राओं एवं सामाजिक आंदोलनों से जुड़ी दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। वरिष्ठ अतिथियों ने इसे देखकर अतीत की अनेक स्मृतियों को पुनर्जीवित कियागया उक्त सभी फोटोग्राफ वरिष्ठ पत्रकार गणपत लाल चौरसिया द्वारा संजोग कर रखे गए थे , उक्त अधिकांश फोटोग्राफों में संबंधित विशिष्ट लोगों में पूर्व भारत के प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री ( बिहार ) कपूर्री ठाकुर एवं उनके साथ उपस्थित लोकदल के नेता पूरन चंद , पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे , पूर्व मंत्री श्रीमती सुमति उरांव , गुमला के प्रथम उपयुक्त द्वारका प्रसाद सिन्हा सहित अन्य अनेक विशिष्ट लोगों से इंटरव्यू करते , गुमला जिला के वरिष्ठ पत्रकार गणपत लाल चौरसिया ।

मुख्य समारोह झ्र इतिहास, अनुभव और सम्मान का संगम

चंडाली स्थित समाहरणालय सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सेवानिवृत्त उपायुक्त श्री गौरी शंकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में वर्ष 2014-15 के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि उस समय गुमला गंभीर उग्रवाद की चपेट में था। उन्होंने कहा कि–

> ह्लमैंने बिना सुरक्षा बल के बानो प्रखंड के घोर उग्रवाद प्रभावित बनालाट गांव में मोटरसाइकिल से जाकर जनता दरबार आयोजित किया था। उस समय उग्रवादियों ने मुझे चारों ओर से घेर लिया था, लेकिन विश्वास, संवाद और संयम के साथ हम वहां से सुरक्षित लौटे। यह पहला अवसर था जब ग्रामीणों के बीच सरकार प्रत्यक्ष पहुंची थी और वहीं से विकास का बीज बोया गया। उन्होंने उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी का विशेष रूप से धन्यवाद दिया कि उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित कर पुराने अनुभवों को साझा करने का मंच प्रदान किया।पूर्व पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार ने अपने वक्तव्य में गुमला के कठिन दौर को रेखांकित किया। कार्यक्रम में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह, परियोजना निदेशक क्ळऊअ रीना हांसदा, अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक, एसडीओ चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम, नजारत उप समाहर्ता ललन कुमार रजक, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, अन्य प्रशासनिक पदाधिकारीगण, शिक्षाविद, पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बसिया प्रखंड के नरेकेला में जलकृषि परियोजना का निरीक्षण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले के बसिया प्रखंड स्थित नरेकेला में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सखी योजना के अंतर्गत संचालित जलकृषि परियोजनाओं का निरीक्षण एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा किया गया।


इस प्रतिनिधिमंडल में जुलियन मिलियन, वरिष्ठ जलकृषि मानक विशेषज्ञ, ऑर्फी सिलार्ड एवं निधि बत्रा, भारत सरकार की राष्ट्रीय समन्वय टीम से आई. ए. सिद्दीकी, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद से मासूम वाहिद, झारखंड राज्य के निदेशक मत्स्य एच. एन. द्विवेदी सहित अन्य तकनीकी व प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने नरेकेला में प्रधानमंत्री मत्स्य योजनाओं के अंतर्गत विकसित ग्रो आउट तालाब एवं उससे संबंधित जलकृषि गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मत्स्य पालकों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, उत्पादन स्तर, स्थानीय लाभ और चुनौतियों पर जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने जलकृषि क्षेत्र में जिले के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए आदर्श मॉडल बताया। साथ ही, उन्होंने जल संसाधनों के सतत उपयोग, महिलाओं की भागीदारी तथा ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में मत्स्य पालन की भूमिका को रेखांकित किया।

इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता सहित मत्स्य विभाग के प्रतिनिधियों सहित मत्स्य विभाग के स्थानीय पदाधिकारी एवं लाभुक किसान भी उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर के अंचल अधिकारी का हुआ पदोन्नति



### अनुमंडल पदाधिकारी रैंक में हुआ प्रमोशन

**बिनय मिश्रा**

झारखंड प्रशासनिक सेवा के तेज तर्रार कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले चक्रधरपुर के अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिंहा राज्य सरकार द्वारा 118 झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को प्रमोशन अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में किया इस क्रम में श्री सिंहा का भी नाम इसमें शामिल है इस प्रकार से चक्रधरपुर के अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिंहा का भी प्रमोशन अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में हुआ है गौरतलब हो कि श्री सिंहा झारखंड प्रशासनिक सेवा के तेज तर्रार अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं श्री सिंहा इससे पूर्व चक्रधरपुर के कार्यपालक दंडाधिकारी के रूप में भी पदास्थापित रह चुके हैं इसके अलावे सरायकेला खरसावां पलामू में भी वह बेहतर अधिकारी के रूप में भी पदस्थापित रहे हैं ऐसे अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और जिला दोनों गौरवान्वित होता है।

## चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक के उदासीनता से नया वाहन हुआ बेकार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** 1918 में स्थापित चक्रधरपुर नगर परिषद इन दिनों कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक राहुल कुमार यादव के उदासीनता और लापरवाही के फल स्वरुप नया वाहन बिना उपयोग के बेकार पड़ा हुआ है।नगर परिषद कार्यालय की शोभा बढ़ा रहा है, इस संदर्भ में इस नए वाहन का उपयोग साफ सफाई में अब तक नहीं होने की प्रमुख वजह यह है कि इस वाहन में डीजल भरने के लिए राशि का घोर अभाव है, आश्चर्य और हैरत की बात तो यह है कि लाखों रुपए के इस वाहन के क्रय करने के लिए राशि उपलब्ध है किंतु जन सुविधा के लिए मांगे गए




इस सफाई वाहन के उपयोग के लिए ईंधन के लिए राशि नहीं है, यही नहीं नगर परिषद के द्वारा इन दिनों अपने संसाधनों की सुधि नहीं लिए जाने का ही परिणाम है कि सभी वाहन अपने वर्तमान अवस्था पर आठ - आठ आंसू बहा रहे हैं, शहर वासियों का स्पष्ट मानना है कि जब से कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक के रूप में राहुल कुमार यादव ने योगदान दिया है, उस समय से हीं चक्रधरपुर नगर परिषद में व्यापक रूप से अराजकता का माहौल बना हुआ है।

## पासीटांड़ में बंद आवास का ताला तोड़ नगदी समेत सामग्री की चोरी

**कतरास :** कतरास थाना क्षेत्र के पासीटांड़ निवासी पंकज कुमार के बंद आवास का ताला तोड़ कर अपराधियों ने शनिवार की देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरो ने घर में रखे तीन हजार रुपए नकद समेत समान लेकर चलते बने। बताया जाता है कि गृहस्वामी पंकज अपने आवास में ताला लगाकर झरिया अपने मित्र के यहां गये हुए थे। घटना की जानकारी उन्हें सुबह हुई तो उन्होंने कतरास थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कतरास पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन की। भुक्तभोगी ने कतरास थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में कहा है कि वे अपने आवास के मुख्य दरवाजा में ताला लगाकर शनिवार की संध्या झरिया अपने मित्र डोमन विश्वकर्मा के घर गये थे। रविवार की सुबह पड़ोसियों ने उन्हें घर के दरवाजा में लगे ताला के टूटे होने की जानकारी दी। जिसके बाद वे पासीटांड़ स्थित अपने आवास पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि आवास के अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ है और बेड के नीचे रखे तीन हजार रूपया गायब था।

## बिरसानगर में 15 दिवसीय समर कैंप शुरू

**जमशेदपुर :** ब्रिंग बैक इंडियन कल्चर फाउंडेशन की ओर से बिरसानगर में 15 दिवसीय समर कैंप की शुरूआत बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा से वंचित बच्चों को फिर से मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से की गई। दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बिरसानगर थाना के सब-इंस्पेक्टर हीरानन्द माली, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सागर राय, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला संयोजक राजीव रंजन सिंह समेत अन्य अतिथियों ने भी संस्था की पहल को प्रेरणादायक बताया।

## गोमो आरपीएफ ने 17 महिलाओं को पकड़ा, जुर्माना

**गोमो :** आरपीएफ के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को सब-इंस्पेक्टर राधा कुमारी तथा साकिब आलम के नेतृत्व में रेलवे एक्ट के तहत स्टेशन के बाहर अभियान चलाया गया। जिसमें सब्जी बेचने वाली काफी महिलाओं तथा स्टेशन से अवैध भेंडरों को सामान समेत हिरासत में लिया व उनसे जुमार्ना वसूला गया। अभियान के बाद बाजार में अफरातफरी मच गई। सब्जी बेचने वाली महिलाओं ने इसकी शिकायत डुमरी विधायक जयराम महतो को किया। जिसके बाद विधायक जयराम महतो गोमो आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। सब-इंस्पेक्टर राधा कुमारी ने विधायक को बताया कि रेलवे एक्ट के तहत सभी पकड़े गए लोगो से सौ रूपए जुमार्ना लिया जा रहा है।

विधायक ने पकड़ी गई 17 महिलाओं का जुमार्ना 17 सौ रुपए स्वंय भरा और महिलाओं को रिहा कराया। विधायक ने कहा कि महिलाएं सब्जी बेचने अक्सर यहां आती है। मानसून आते ही सभी महिलाएं खेती करने में लग जाएगी। वहीं पकड़े गए पांच भेंडर से तीन हजार रूपए के अनुसार कुल 4700 रुपए वसूले गए।

## बारिश व तेज आंधी से ध्वस्त हुआ गरीब का आशियाना

**गिद्धौर (चतरा):** बे मौसम मूसलाधार बारिश व तेज आंधी से एक गरीब का आशियाना रविवार को ध्वस्त हो गया। मालूम हो की इन दीनों प्रखंड में अचानक तेज आंधी के साथ-साथ मूसलाधार बारिश भी हो रही है। तेज बारिश होने के कारण जहां चिलचिलाती धूप में लोगों को राहत मिली तो वहीं दूसरी तरफ गरीब का जर्जर मकान भी ध्वस्त हो रहा है।रविवार को तेज आंधी व पानी से प्रखंड़ के पहरा पंचायत अंतर्गत सिंदुरबे गांव निवासी लोरेन उरांव का कार्केट का मकान पुरी तरह से



क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे घर में रखे प्याज तथा खाने-पीने के सामान के साथ-साथ अन्य सामग्री भी नष्ट हो गये। जिससे भुक्तभोगी को काफी नुकसान हुआ है।लोरेन उरांव की पत्नी सुनीता देवी ने बताई के इस मकान में घर के आठ लोग रहते हैं। और घर के सभी सदस्य उसी घर में बैठे थे।अचानक तेज बारिश व आंधी आया और घर का कौरकेट व पाइप धड़धड़ा कर गिर गया।हालांकि घर के किसी भी सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।लेकिन कई अन्य सामान नष्ट हो गया।इस घटना से हमलोगों को रहने में काफी कठिनाई हो गई है।वहीं इसी गांव के दासो उरांव का दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गया।जिसे लेकर पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन से तत्काल सहायता कराने की गुहार लगाई है।